26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 23 दिसम्बर, 2025

अंक- 60 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## आवश्यकता

अग्रेजी, साइंस, मैथ्स जूनियर कक्षा व सेकेन्डरी कक्षाओं को पढ़ाने हेतु अनुभवी अध्यापकों/ अध्यापिकाओं की। बिजनौर, झालू, खारी, बरूकी, ऊमरी के रहने वालो को वरीयता दी जायेगी।

वेतन योग्यतानुसार। अपने मूल प्रमाण पत्रों व फोटो कॉपी सहित शीघ्र सम्पर्क करे।

**( प्रबधंक )**

**मॉडर्न पब्लिक स्कूल, इंग्लिश मीडियम ग्राम-गगोड़ा शेख ( नियर झालू 4 किमी. ) मो. न. 9411225109, 9634400319**

# बिजनौर में लेखपाल रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## एंटी करप्शन मुरादाबाद की टीम ने की बड़ी कार्रवाई

**बिजनौर( चिंगारी )।** मंगलवार को एंटी करप्शन मुरादाबाद की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया लेखपाल रविन्द्र कुमार तहसील सदर बिजनौर के फतेहपुर हलके में तैनात था। आरोपी लेखपाल 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते समय एंटी करप्शन टीम के जाल में फंस गया।

नानूपुरा गांव निवासी किसान धर्मेंद्र ने एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद से शिकायत की थी। किसान का आरोप था कि लेखपाल रविन्द्र कुमार उससे एक बैनामे में तितम्मा लगवाने के लिये 5 हजार रुपये की मांग कर रहा है। बिना पैसे लिए लेखपाल काम कराने से इंकार कर रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एंटी करप्शन टीम ने पूरे मामले की जांच की और सत्य पाए जाने पर लेखपाल की गिरफ्तारी के लिये जाल बिछा दिया।

पूर्व नियोजित योजना के तहत किसान धर्मेंद्र को रिश्वत की रकम के साथ तहसील सदर बिजनौर में लेखपाल के पास भेजा गया। जैसे ही लेखपाल रविन्द्र कुमार ने 5 हजार रुपये की रिश्वत पकड़ी, वैसे ही वहां पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।


आरोपी लेखपाल

बताया जा रहा है कि आरोपी लेखपाल रविन्द्र कुमार मूल रूप से बागपत जनपद का रहने वाला है। वर्तमान में वह बिजनौर तहसील सदर में तैनात था। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम लेखपाल को थाना कोतवाली शहर बिजनौर ले गई। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

लेखपाल के पकड़े जाने से तहसील सदर में हड़कंप मच गया। स्थानीय किसानों और आम जनता ने एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। लेखपाल की गिरफ्तारी के लिये बिजनौर पहुंची एंटी करप्शन मुरादाबाद टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर कृष्ण अवतार कर रहे थे।








## चौ. चरण सिंह की जयंती पर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता पहुंचे सिसौली

बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने चौ.चरण सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। यूनियन से जुड़े किसानों ने यहां चौ.चरण सिंह चौक पर चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में सैकडो कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में गाड़ियों के विशाल क़ाफिले के रूप में सिसौली के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व भाकियू कार्यकर्ता गन्ना समिति बिजनौर परिसर में इकट्ठा हुए। उल्लेखनीय है कि सिसौली में आज किसानों के मसीहा चौ. चरण सिंह की जयंती पर किसान ससद कार्यक्रम है। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के साथ हरीराज सिंह अरुण कुमार परविंदर सिंह मनप्रीत संधू समेत सैकड़ो किसान है।

## वेद दिव्य ज्ञान-विज्ञान के भंडार, कार्यक्रम में बोले डॉ. दीपक कुमार



नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में वेद स्थापना प्रचार सप्ताह का शुभारंभ परिव्राजक महेशचन्द्र व महीपाल ने वेदों का पूजन कर किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि वेद ईश्वर की वाणी है। वेद दिव्य ज्ञान विज्ञान के भंडार है। वेद चार है जिसमें ऋग्वेद, यजुर्वेद, समावेद, अथर्व वेद शामिल है। शांतिकुंज संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा वेदों का सरल हिन्दी भाष्य किया गया है। प्रत्येक परिवार में वेद होना चाहिए। वेद का अध्ययन कर वेदों का दिव्य ज्ञान आत्मसात करना चाहिए। वेदों का दिव्य ज्ञान ही हमारे मनीषियों ने सरल कर 18 पुराणों व स्मृतियों में दिया है। डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि नजीबाबाद में विगत वर्षों से वेद स्थापना प्रचार सप्ताह के माध्यम से घर-घर में गायत्री यज्ञ, दीपयज्ञ द्वारा वेदों का पूजन व स्थापना करायी जा रही है। सुमन वर्मा, सारिका अग्रवाल, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, प्रभा राजपूत, एचपी गुप्ता, रिंकी सिंह, प्रशांत ने अपने घरों में वेदों की स्थापना करायी।

# राहतपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल जीता

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मिर्जापुर ग्रामीण क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित मिर्जापुर सैद में क्रिकेट टूर्नामेंट में जिले की कई टीमों ने भाग लिया। रविवार को फाइनल मैच मिर्जापुर सैद व राहतपुर की टीम के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ आसपा के वार्ड-2 से जिला पंचायत के संभावित प्रत्याशी वाजिद मकरानी ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए टॉस कराकर किया। टॉस में राहतपुर की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों टीमों के बीच फाइनल मैच बड़ा ही रोमांचक रहा। मिर्जापुर सैद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 186 रन बनाए। जवाबी बल्लेबाजी में राहतपुर की टीम के खिलाड़ियों ने बड़ा ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी ऋतिक जैक्सन ने 95 रन बनाते हुए टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई। पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं बसपा नेता एडवोकेट अबरार आलम ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। फाइनल मैच की विजेता टीम राहतपुर के कप्तान केशव कुमार व उपविजेता टीम के कप्तान आफाक को ट्रॉफी व पुरस्कृत राशि देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ दा मैच सिक्सर किंग व बेस्ट बैट्समैन ऋतिक जैक्सन को दिया। बेस्ट बोलर सोनू अंबाला, बेस्ट फिल्डर मनीष फौजी, प्लेयर ऑफ दा टूर्नामेंट दीपांशु सहित दोनों टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया। आयोजकों की ओर से मोहम्मद शाकिर, अशफाक, जावेद, उसमान, विशाल, आसिफ, इसरार आदि का सहयोग रहा।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।



जरूरतमंदों को कम्बल देते कोतवाली प्रभारी निरीक्षक व डा. शकील हाशमी

## ज़रूरतमंदों को कंबल बांटे

चांदपुर (चिंगारी)। शमा एजुकेशनल सोसायटी की ओर से ग्राम खेड़की में आयोजित कार्यक्रम में गरीब व जरूरतमंद लोगों में कम्बलों का वितरण किया गया। ग्राम खेड़की से ग्राम प्रधान पद के भावी उम्मीदवार नबील अहमद ठेकेदार की ओर से आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार व वरिष्ठ बसपा नेता डा. शकील हाशमी ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर मुफ्ती मोहम्मद ताजीम कासमी, डा. फहीम बेग, हाजी शफीक राहत, मौ. साबिर, मौ. रिहान, मौ. वाजिद, मौ. राशिद, हाफिज नजीबुद्दीन, मौ. अजहर, मौ. आजाद, मौ. आदिल, नसीम अहमद, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## नर्सिंग की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को जागरुक किया



बिजनौर (चिंगारी)। विवेक विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया। नर्सिंग विभाग जीएनएम और एएनएम कि छात्राओं ने ग्राम कुकड़ा के जूनियर हाईस्कूल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को प्राथमिक उपचार, पर्यावरण स्वच्छता, सोशल मिडिया के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डा. रंगानाथन ने पर्यावरण स्वच्छता पर जोर देते हुये कहा कि अगर पर्यावरण स्वच्छ नहीं होगा, तो हम भी स्वस्थ नहीं होंगे, इसलिये आज हम सबको मिलकर अपने पर्यावरण को स्वस्थ रखना होगा। ग्राम कुकड़ा के जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य वंदना ने सभी अतिथियों और छात्राओं को धन्यवाद किया गया तथा सभी छात्राओं को ईमानदारी व मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन नर्सिंग की अध्यापिका प्रीति चौहान और शिवानी सिंह ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# भारत पैट्रोलियम ने की नये उत्पाद कम्पोजिट सिलेंडर की लांचिंग

## नये सिलेंडर का खाली वजन मात्र 6 किग्रा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत गैस एजेंसी, नजीबाबाद पर भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्रहणियों की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुये नये उत्पाद कम्पोजिट सिलेंडर की लांचिंग कम्पनी के अधिकारी हैड एलपीजी नार्थ राजेश कुम्भारे, स्टेट हैड सुरेन्द्र डोगरा, प्रादेशिक प्रबन्धक सुकेश चन्द्रशेखर व मैनेजर एलपीजी सेल्स कृष्ण कुमार गुप्ता की उपस्थिति में की गयी। कम्पनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड अपने ग्राहकों की सेवा व सुरक्षा के लिये पूर्णत: प्रतिबंध है। इसलिये इन नये सिलेंडरों का खाली का वजन लगभग 6 किग्रा है, जिससे किसी को भी इसे उठाने में आसानी रहती है तथा आग लगने पर फटता भी नहीं है। इसके साथ ही इस नये सिलेंडर में शेष बची गैस की मात्रा का भी पता चलता रहता है, प्लास्टिक का होने के कारण यह रसोई के फर्श को भी खराब नहीं करता है। कोई भी भारत गैस उपभोक्ता अपने पुराने गैस कनेक्शन की सिक्योरिटी के अतिरिक्त मात्र 300 रूपये प्रति सिलेंडर सिक्योरिटी जमा करके अपने पुराने सिलेंडर के बदले यह सिलेंडर प्राप्त कर सकता है। इस सिलेंडर की खूबियों के कारण भारत गैस एजेंसी, नजीबाबाद पर इस सिलेंडर की लांचिंग के पहले ही दिन 11 उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपने पुराने सिलेंडरों के बदले नये कम्पोजिट सिलेंडर बदलवाये। इस अवसर पर भारत गैस एजेंसी के वितरक गुरूपाल सिंह, सृजन सिंह, हर्ष व एजेंसी स्टाफ के सत्री कर्णवाल, विश्वास रूहेला, राजेश रावत, सर्वेश सिंह, नितिन कुमार व रेशू रानी उपस्थित रहे।



# नये साल में होगी सांसद खेल स्पर्धा

**बिजनौर (चिंगारी)।** 'मा. सांसद खेल स्पर्धा' योजना के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 02 एवं 03 जनवरी 2026 को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में किया जायेगा। जिला क्रीड़ाधिकारी श्री राजकुमार ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों एवं जिलाधिकारी महोदया, बिजनौर के आदेशों के अनुपालन में यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, बैडमिन्टन, भारोतोलन, कुश्ती एवं फुटबाल खेलों का आयोजन किया जायेगा। सभी खेल प्रतियोगिताएँ नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में सम्पन्न होंगी।

# भाई से मिलने की चाह अधूरी रह गई

**सहसपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश रोडवेज छुटमलपुर डिपो बस नंबर UP 78 HT 9649 में अपनी पुत्री के साथ सफर कर रही वृद्ध महिला की बस में ही मृत्य हो गई। बस को सहसपुर पुलिस चौकी के सामने रोककर पुलिस के द्वारा एम्बुलेंस करा कर उसके घर भेजा गया। महिला के साथ सफर कर रही उसकी पुत्री पुष्पा ने बताया कि उनकी मां भगवंती (70 वर्ष) बहुत दिनों से अपने भाई जो सुरा नंगला निवासी हैं, के यहां जाने की ज़िद कर रही थीं। आज वो और उनकी भाभी उनको लेकर सुरा नंगला जा रही थीं। रास्ते में अचानक उनकी मां ने बोलना बंद कर दिया। सहसपुर पुलिस चौकी के सामने बस रुकवाकर पुलिस की मौजूदगी में एंबुलेंस से भगवंती का शव उनके घर ग्राम तरुनवाला, नगीना ले जाया गया। भगवंती देवी की भाई से मिलने की चाह अधूरी रह गई। उनकी बेटी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।



## सूचना

मेरा हाईस्कूल 2012 का अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 0874458 है तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2014 का अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 0661768 है वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाश में पर भी नहीं मिला।

**-गुलशन कुमार पुत्र ब्रह्मपाल, ग्राम- जहानाबाद, पोस्ट -गंज, जिला- बिजनौर, उत्तर प्रदेश मो 9027416127**

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं
अन्य सेवाएं-
➢100 गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)
डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रात: 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
• अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
• बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
• आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
• नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
• काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
• पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
• कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

Hero
VIDA
VIDA EVOOTER | VX2
PROUD WINNER OF
ELECTRIC 2-WHEELER OF THE YEAR ★ 2025
आवश्यकता है दो कुशल फील्ड एग्जीक्यूटिव की
10,000 रुपये तक का फायदा
आकर्षक उपहार

कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

भली लगे या बुरी ...

## अपराध और मानवाधिकार

बीते दिनों महाराष्ट्र के कराड में तथाकथित ऊंची जाति के लोगों ने एक दलित महिला को बाल पकड़ कर घसीटा, निर्वस्त्र करके डंडो और चप्पलों से पिटाई की और उसी हालत में गांव में घुमाया। इसकी वजह महज इतनी थी कि पीड़ित महिला के बेटे को एक ऊंची कही जाने वाली जाति की लड़की से प्रेम हो गया था। यह पहला वाकया नही है। दलित उत्पीड़न की ज्यादातर घटनाएं सामने नहीं आ पातीं और जो आती भी है, उनमें अमूमन न्याय नहीं मिलता। अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग अपनी एक रिपोर्ट में बता चुका है कि कमजोर वर्गों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में लगभग 70 प्रतिशत अभियुक्त बरी हो जाते हैं। मानवाधिकारों के हनन का मामला जितना दलितों से जुड़ा है, उतना ही उन बच्चों के साथ भी जो आज भी बुनियादी शिक्षा से वंचित हैं और श्रम करने को मजबूर हैं। भारत में 5-14 वर्ष आयुवर्ग के कुल एक करोड़ 26 लाख बाल श्रमिक हैं, जिनमें से 45.62 प्रतिशत पूरी तरह से श्रम पर आधारित हैं। किसी भी देश के लिए मानवाधिकारों के हनन की इससे वीभत्स स्थिति और क्या हो सकती है? वर्ग, लिंग, जाति, प्रजाति, धर्म, आय, विकलांगता अथवा स्वास्थ्य जैसे सामाजिक भेदभाव की परवाह किए बगैर अपने कतिपय बुनियादी अधिकारों और आवश्यकताओं का उपभोग करने का पूर्ण अधिकार सभी को है, पर क्या देश यह दावा कर सकता है कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में मानवाधिकार की रक्षा हो रही हैं।

## बहू ने सास की गला घोंटकर हत्या की?

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** ग्राम मानियावाला निवासी निसार पुत्र अब्दुल वाहिद ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन शमीमा (वर्तमान आयु 55 वर्ष) का विवाह 35 वर्ष पूर्व थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी जाबिर पुत्र सुबराती के साथ हुआ था। शादी के 15 वर्ष बाद अर्थात अब से 20 वर्ष पूर्व जाबिर की मृत्यु हो गई थी जिसके बाद उसकी विधवा बहन शमीमा अपने पुत्र शाहनवाज व पुत्रवधू जैनब के साथ रह रही थी। निसार का आरोप है कि गत 18/19 दिसंबर की मध्यरात्रि शाहनवाज की गैरमौजूदगी में जैनब ने उसकी बहन अर्थात अपनी सास शमीमा की गला घोटकर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मृतका शमीमा के भाई निसार की तहरीर के आधार पर मृतका की पुत्रवधू जैनब पत्नी शाहनवाज निवासी ग्राम हसनपुर थाना रेहड़ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच जारी है।

# विरासत जो सांस लेती है...

## किसान और युवा भारत की उम्मीद बनते जयंत सिंह

जयंती पर विशेष

**चौधरी चरण सिंह जी की जयंती केवल एक महान नेता को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा को नमन करने का अवसर है जिसने भारत के किसान को आवाज़, सम्मान और आत्मविश्वास दिया। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाया और राजनीति को खेत-खलिहान से जोड़ा। किसान उनके लिए मात्र एक वर्ग नहीं था, बल्कि उनका परिवार था, उनका स्वाभिमान था।**



आज जब मैं एक कार्यकर्ता, एक जनप्रतिनिधि परिवार से जुड़ा व्यक्ति और एक जागरूक नागरिक होने के नाते उन्हें स्मरण करता हूं, तो मन गर्व और भावुकता से भर उठता है। ऐसे समय में जयंत सिंह जी को देखना, उनके विचारों और कर्मों को महसूस करना, यह विश्वास और भी मजबूत करता है कि चौधरी चरण सिंह जी की आत्मा आज भी भारतीय राजनीति में जीवित है।

जयंत सिंह अपने दादा की केवल छाया नहीं हैं, बल्कि उनके सपनों का विस्तार हैं। उनकी सोच, उनकी भाषा और किसानों के प्रति उनका अपनापन यह एहसास कराता है कि यह नेतृत्व विरासत में नहीं, संस्कारों में मिला है। जब युवा जयंत सिंह किसानों की बात करते हैं, तो उसमें राजनीति नहीं, पीड़ा की समझ और समाधान की सच्ची इच्छा दिखाई देती है।

बिजनौर जैसे कृषि प्रधान जनपदों में, किसानों के मुद्दों को लेकर उनकी निरंतर सक्रियता यह साबित करती है कि वह ज़मीन से जुड़े हुए नेता हैं, दूर से देखने वाले नहीं।

एक लेखक के रूप में नहीं, बल्कि एक कार्यकर्ता के रूप में मैं यह कह सकता हूं कि जयंत सिंह जी आज के भारत के युवाओं के लिए बहुत बड़ी उम्मीद हैं। वह युवाओं को केवल भाषणों से नहीं, बल्कि अवसरों, विश्वास और दिशा से जोड़ते हैं। गांव का युवा जब उन्हें सुनता है, तो उसे लगता है कि उसकी आवाज़ दिल्ली तक पहुंच सकती है।


जयंत सिंह जी के शब्द दिल से निकलते हैं और दिल तक पहुंचते हैं- 'किसान मजबूत होगा, तो देश मजबूत होगा और जब युवा साथ खड़ा होगा तो भारत के विकास को कोई रोक नहीं सकता।'

चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर, यह लेख केवल श्रद्धांजलि नहीं है- यह एक विश्वास है, एक भाव है, एक संकल्प है। जयंत सिंह जी उस दीपक की तरह हैं, जिसकी लौ उनके दादा ने जलाई थी और जो आज पूरे देश को दिशा दिखा रही है। वह न सिर्फ अपने दादा की परछाई हैं, बल्कि आने वाले भारत की रोशनी भी हैं। एक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि परिवार से जुड़े व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि एक आम किसान-पुत्र और भारत के भविष्य को लेकर चिंतित नागरिक के रूप में मैं यह विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यदि चौधरी चरण सिंह जी आज होते, तो जयंत सिंह जी के कार्यों में उन्हें अपने जीवन की साधना और सपनों की सच्ची प्रतिछाया दिखाई देती।



**मो. ज़ैद**
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद नहटौर के पति
सदस्य, पंचायत चुनाव समिति, राष्ट्रीय लोकदल

# ...जिनकी कथनी-करनी में कोई अन्तर नहीं था!



हापुड़ तहसील में बाबूगढ़ छावनी के समीप बसे नूरपुर गांव के एक साधारण किसान परिवार में 23 दिसम्बर 1902 को चरण सिंह जी का जन्म हुआ। उन्होंने गांधी जी के उस आखिरी आदमी के दुःख-तकलीफ, जिसके चलते वह गरीबी और भुखमरी की बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर था, के शोषण को बहुत नजदीक से देखा और पहचाना था। यही वजह थी कि किसानों, मजदूरों, गरीबों और समाज के दबे, कुचले लोगों के प्रति हमदर्दी और उनके अधिकारों की खातिर संघर्ष की भावना उनके अंतर में जीवनपर्यंत विद्यमान रही। अपने इसी लक्ष्य की प्राप्ति की खातिर वह वृद्धावस्था में आने से पहले तक संघर्षरत रहे। आगरा से सन् 1925 में एमए और 1926 में वकालत पास युवक चौ. चरण सिंह को वकालत रास नहीं आई और राष्ट्रीय आंदोलन में कूद पड़े। 1930 में नमक सत्याग्रह में जेल जाने से उनकी राजनैतिक यात्रा जो शुरू हुई, वह 29 मई 1985 को जाकर खत्म हुई। प्रदेश में ससंदीय सचिव, कृषि, विधि, न्याय, सूचना, वन, पशुपालन, राजस्व मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्र में गृहमंत्री, वित्तमंत्री, उपप्रधानमंत्री एवं प्रधानमंत्री का पद संभाला। स्पष्टवादिता, ईमानदारी उनकी विशिष्टता थी। नैतिक मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति वह आजीवन प्रतिबद्ध रहे। वह जो सोचते थे या कहते थे, वह करते भी थे। उनकी कथनी और करनी में भेद नहीं था। अपने कार्यकर्ताओं में उनका गहरा और अटूट विश्वास था, लगन और निष्ठा से वह कार्यकर्ताओं को अपने उत्तरदायित्वों के प्रति सदैव उत्साहित करते रहते थे। स्वामी दयानंद सरस्वती का उनके जीवन पर अत्याधिक प्रभाव पड़ा। सरदार पटेल उनके आदर्श थे। भ्रष्टाचार, झूठ, फरेब तथा मक्कारी से नफ़रत करने वाले चौधरी साहब के लिये सिद्धांत सर्वोपरि थे। जातीय भेदभाव को कम करने के लिये उन्होंने अंतर्राजातीय विवाह को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपनी पुत्री और निकट सम्बंधियों को अन्तर्जातीय विवाह के लिये प्रोत्साहित कर यह सिद्ध कर दिया कि वे जो कुछ दूसरों को सिखाना चाहते थे, उसे अपने जीवन में उतार चुके थे। उन्होंने बड़ौत (मेरठ) में मुख्य अध्यापक और जिला बुलंदशहर के जाट कॉलेज का प्रधानाध्यापक पद इस लिये ठुकरा दिया था, चूंकि इन संस्थाओं का नामकरण जाति विशेष का सूचक था। चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की राह में सबसे बड़ा अवरोध जातिवाद को मानते थे। चौधरी चरण सिंह महिलाओं के समान अधिकार और भावनात्मक स्वाधीनता के पक्षधर थे। उन्होंने अपने इकलौते पुत्र का विवाह आर्य समाज पद्धति से बिना दहेज लिये सम्पन्न कराया। 22 मई 1954 को एक पत्र के माध्यम से उन्होंने यह सुझाव दिया था कि संविधान में इस आशय का संशोधन किया जाये कि भविष्य में किसी भी नौजवान को केंद्र या राज्य में राजपत्रित पद पर उस समय तक प्रविष्ट न किया जाये, जब तक उसने अपनी जाति से बाहर किसी अन्य जाति में विवाह किया होने या करने की इच्छा व्यक्त न की हो। विडंबना देखिये ऐसे व्यक्ति जिसके मन में जातिवाद समाप्त करने की इतनी गहरी आकांक्षा थी, उसे स्वार्थी तत्व, जातिवादी कहने में थके नहीं। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे उनके दर्शन करने का ही नहीं, वरन् 2-3 बार वार्तालाप करने का भी सौभाग्य मिला। एक बार मैं उनसे दिल्ली में तब मिला, जब टिकट के लिये गया था, दूसरे जब चांदपुर चुनाव में रामलीला मैदान में उनका उद्बोधन हुआ। मैं उनके विचारों से बहुत प्रभावित रहा।



**डॉ. सत्येन्द्र कुमार शर्मा**
चांदपुर मो. 9319655296

# सेंट मैरी स्कूल में श्रद्धापूर्वक मनाया गया क्रिसमस डे

## क्रिसमस केवल पर्व नहीं, प्रेम और मानवता का संदेश है : फादर शाजू






**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरीज़ स्कूल में क्रिसमस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलक एवं बेबी जीसस की आरती के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा मधुर प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू ने अपने संबोधन में प्रभु यीशु के जीवन, उनके प्रेम, करुणा और सेवा के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्रिसमस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, शांति और मानवता का संदेश है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम को और भी विशेष बनाते हुए विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू संग प्रधानाचार्या सिस्टर लिन्सी, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर जैनी, के.जी. प्रभारी सिस्टर जिल्सी एवं सिस्टर एंजेल ने मिलकर केक काटा, जिसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक कैरोल सिंगिंग प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे परिधानों में बच्चों की क्रिसमस डांस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक खेल स्पर्धा में कक्षा आठ की रिद्धिमा ने एकल बैडमिंटन में और सब जूनियर कैटेगरी में कक्षा आठ की रिद्धिमा और तृषा ने डबल बैडमिंटन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं डबल में अरात्रिका राणा और मनाली सिंह को प्रथम और नमन चौधरी और नमन कुमार ने द्वितीय स्थान और डबल में कक्षा 11 के फ्रांसिस को द्वितीय स्थान मिला। हरमनदीप कौर ने वॉलीबॉल में प्रथम स्थान और सब जूनियर कैटेगरी की लॉंग जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 की ओजस्वी ने सब जूनियर कैटेगरी के भारोत्तोलन और डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान और जेवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अक्षत बालियन अंडर 15 बॉय डबल कैटेगरी में प्रथम स्थान और एकल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विदुर इंटर स्कूल रैपिड चेस टूर्नामेंट में जूनियर कैटेगरी में कक्षा 8 के हरजस खुराना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षित सिंह, संस्कार कपूर और माधव ने भी चेस टूर्नामेंट में पुरस्कार प्राप्त किए। डीपीएस स्कूल बिजनौर में आयोजित हुए डांस कंपटीशन में कक्षा 9 की सानवी रस्तौगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सेंट्रल मेथाडिस्ट चर्च बिजनौर में कैरोल सिंगिंग कंपटीशन में सेंट मैरी स्कूल बिजनौर ने ग्रुप, डुएट और सोलो सिंगिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना जलवा बिखेरा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## वर्धमान कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर के गणित विभाग में रामानुजन मैथमेटिकल सोसायटी के द्वारा महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गणित विभाग के लगभग 50 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एक पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 9 समूह ने भाग लिया। समूह चार की सिया सिंघल, अतुल कुमार व तनु शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समूह एक की महविश, जमारूद, अरशीन व रितेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन आध्या व महविश ने मिलकर किया। एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आध्या को




रामानुजन मैथमेटिकल समिति का अध्यक्ष व प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महविश को सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डा. पूनम शर्मा, प्रोफेसर एस.के. शोन, राजीव विश्नोई, डा. पंकज भटनागर, डा. राजीव मलिक, डा. विपिन देशवाल उपस्थित रहे।

## सेंट मैरी स्कूल हल्दौर में क्रिसमस के उपलक्ष्य में भव्य मेले का आयोजन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, हल्दौर में क्रिसमस के शुभ अवसर पर एक भव्य मेले 'मैरियन फीस्ट' का आयोजन किया गया। मेले में खाने-पीने की दुकानों ने बच्चों का मन मोह लिया, तो वहीं दूसरी ओर खेल-खेलने वाले स्टॉल पर भी बच्चों की भारी भीड़ मंडराती नजर आई। इस अवसर पर पुलिस विभाग के दुष्यंत कुमार, प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट तथा मैनेजर मदर फिल्वी ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के विशेष अतिथि फादर एंटोनी ने लकी ड्रा के विजयी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्यार, शांति और आपसी सौहार्द का संदेश देता है। स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रबंधक सिस्टर फिल्वी, सिस्टर क्लैरेट और सिस्टर लाइटी ने आयोजन में विशेष योगदान दिया और इसे सफल



बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। मेले में 'गन एंड शूट' जैसे रोमांचक खेलों के अलावा स्वादिष्ट खाने के स्टॉल और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए एक टैलेंट शो आयोजित किया गया। बच्चों और युवाओं ने इस शो में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से संजीव भटनागर ने मेले के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी संभाली और इसे सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। मेले का मुख्य आकर्षण लकी ड्रॉ रहा। लकी ड्रॉ में विजेताओं को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पांच रोज से लकी ड्रा में प्रथम उपहार प्राप्त करने वाली विद्यार्थी सुहानी ने साइकिल प्राप्त कर अपने भाग्य का लोहा मनवाया। इस आयोजन में स्कूल के छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल के इस भव्य आयोजन ने क्रिसमस के उत्सव को एक यादगार क्षण में बदल दिया।

# सत्ता, प्रशासन और माफ़िया का मेल, धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन का खेल

**"नांगल तो केवल एक उदाहरण है, अवैध खनन का खेल तो जिले के कोने-कोने में चल रहा है। अवैध खनन के खेल से सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है। सड़कों पर आम जिंदगियां बेमौत मर रही हैं। पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। योगी सरकार की ईमानदारी पर सवाल उठ रहे हैं। मगर फिर भी यह खेल धड़ल्ले से खेला जा रहा है।**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अवैध खनन का खेल बहुत बड़ा है। यदि आपके पास कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है, तो ये किसी अधिकारी को दिखाई भी नहीं देता है। सफेदपोश इसमें शामिल रहते हैं तथा सत्ता का इसे पूर्ण संरक्षण प्राप्त होता है। नांगल थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना के बाद जिस तरह से अवैध खनन के खेल पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया, उससे लोग अचंभित रह गये।

अवैध खनन का खेल जिलेभर में बड़े स्तर पर खेला जा रहा है। इस खेल में धुरंधर खिलाड़ी शामिल होते हैं। जो लोग माइक पर भाषणों में ईमानदारी, नैतिकता की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, अक्सर वे सफेदपोश ही इस खेल में शामिल होते हैं। छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक अवैध खनन पर चुप्पी साध लेते हैं। जानकारी लेने पर अधिकारियों का वही रटा-रटाया जवाब होता है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, जांच कराई जायेगी। जबकि सूत्र बताते हैं कि इस अवैध खेल का 'प्रसाद' नीचे से लेकर ऊपर, बहुत ऊपर तक बंटता है। बिना सत्ता के संरक्षण के अवैध खनन का खेल नामुमकिन है। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ तक खनन का चढ़ावा चढ़ता है।

नियमत: रात को खनन पर पूर्ण प्रतिबंध है, मगर अवैध खनन का खेल अक्सर रात को ही खेला जाता है। जब अधिकतर लोग सो जाते हैं, तब अवैध खनन के खिलाड़ियों का खेल स्टार्ट होता है। रात भर अवैध खनन के वाहन सड़कों पर दौड़ते फिरते हैं। न वे सड़कों पर खड़े डायल - 112 की पीआरवी को नजर आते हैं और न ही रात्रि गश्त करती पुलिस को। रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण करते अधिकारियों को भी ये वाहन नजर नहीं आते हैं। हां जिनका चढ़ावा नहीं चढ़ता है, उन पर कार्यवाही करके वाहवाही जरूर लूटी जाती है। लगातार मिट्टी का अवैध खनन कर निर्माणाधीन प्रतिष्ठानों, कॉलोनियों का भराव किया जा रहा है, मगर अवैध खनन किसी को नजर नहीं आता। अब कोहरे का मौसम है। ऐसे में रात्रि में सड़कों पर दौड़ते अवैध खनन के वाहन बेहद खतरनाक साबित होंगे। ये दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण देंगे।

## 'मुंह खाये, आंख लजाये'

**थाना नांगल क्षेत्र के ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में रविवार की रात्रि अवैध मिट्टी खनन के वाहन से टकराकर चार जिंदगियां समाप्त हो गयीं। 'मुंह खाये, तो आंख लजाये' वाली कहावत यहां सोलह आने चरितार्थ हुई। अवैध खनन को छिपाने के लिये मिट्टी से भरे डम्पर को रातोंरात बदलकर खाली डम्पर थाने पर खड़ा कर दिया गया। ये भी नहीं सोचा कि इस बदले गये डम्पर पर दुर्घटना के निशान कहां से आयेंगे? क्या ये खेल बिना चढ़ावे के खेला गया? क्या इसमें सिर्फ थानाध्यक्ष ही शामिल थे? जांच के बाद थानाध्यक्ष तथा एक सिपाही को सस्पैंड कर दिया गया है।**

# चौधरी साहब की जयंती पर हवन कर जरुरतमंदों को कम्बल बांटे




जरूरत मंदों में कम्बल वितरण करते पंकज चौधरी व हवन में आहुति देते चौधरी साहब के अनुयाई।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौ चरण सिंह की 123वी जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। आज सुबह नगर में नूरपुर रोड स्थित स्व चौ. चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर हवन हुआ, जिसमें मुख्य यजमान युवा उद्यमी पंकज चौधरी व चौ. वीरेन्द्र सिंह रहे। अतुल भाटिया व योगेश शर्मा ने हवन सम्पन्न कराया। बाद में पंकज चौधरी की ओर से 100 जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया गया। पंकज चौधरी ने स्व. चौ. चरण सिंह का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि चौधरी साहब ने जीवन पर्यन्त गरीबों, किसानों व सर्वसमाज के लिए कार्य किया,जिसको कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

इस अवसर पर चन्द्रपाल सिंह, हर्ष दलाल, नितिन कुमार, टीकम सिंह, यशवीर सिंह तोमर, अरविन्द ढाका, सतीश ढाका, शारिक जिया, योगेश शर्मा, मनोज कुमार, मुनेश कुमार फौजी,आशू गोयल, तेजवीर सिंह, रणबीर सिंह, सतेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में चौधरी साहब के अनुयायाई मौजूद रहे। दूसरी ओर डॉ. एमपी सिंह, डॉ. सत्येन्द्र कुमार शर्मा आदि ने भी चौधरी साहब की प्रतिमा पर पहुंच कर माल्यार्पण कर उनको श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।

# उम्रदराज हैं, लेकिन परिपक्त नहीं हुये नीतीश कुमार-काज़ी जियाउर्रहमान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिन्तक काजी जियाउर्रहमान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिला डॉक्टर का हिजाब उतारने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब सरकारों को योजनाओं-स्थानों का नाम बदलने, हिजाब उतारने और विपक्ष को गाली देने के अलावा कोई काम नहीं रहा। हिजाब प्रकरण से श्री नीतीश कुमार की मानसिकता उजागर हुई है तथा यह सिद्ध हो गया है कि इतने उम्रदराज मुख्यमंत्री अभी तक परिपक्व नहीं हुए हैं। उन्होंने बढ़ती हुई दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कि सरकार ने हाईवे तो बहुत शानदार बना दिये लेकिन रोड पर चलने के मानक तैयार नहीं किये, जिससे लोग नशे की हालत में नई-नई गाड़ियां इतनी अंधाधुंध चला रहे हैं कि अपनी तो जान जा रही है, लोगों की भी जान ले रहे हैं। बिजनौर शहर में हर समय हर स्थान पर जाम लगने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके लिये जिला प्रशासन व नगर पालिका को रोड मैप तैयार करना चाहिए, जिससे शहर को जाम से मुक्ति मिल सके।

# स्वाहेड़ी की आकांक्षा चौधरी ने भोपाल में जीते दो स्वर्ण पदक



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भोपाल में आयोजित की जा रही 68 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में बिजनौर के ग्राम स्वाहेड़ी खुर्द की निशानेबाज आकांक्षा चौधरी ने 10 मीटर एयर राइफल व 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव व जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। आकांक्षा ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा है। मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आकांक्षा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। परिवार में खुशी का माहौल है। आकांक्षा चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। बता दे कि आकांक्षा चौधरी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत कर अपने देश का नाम रोशन कर चुकी हैं।

# किसान मसीहा स्व. चरण सिंह को श्रद्धापूर्वक नमन किया



स्व. चौधरी चरण सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए डॉ. बीरबल व इंदिरा सिंह आदि।



चौधरी चरण सिंह चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अधिवक्तागण।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नगर पालिका परिषद परिवार की ओर से श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। नुमाइश ग्राउण्ड चौक पर स्थित स्व. चौधरी चरण सिंह भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए पालिकाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि देश की उन्नति में चौधरी साहब के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर सभासद राजवीर सिंह, प्रिंस, नीरज शर्मा, मनी चौधरी, प्रभाकर, सुजीत चौधरी, सूरज भान सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर जिला बार एसोसिएशन द्वारा भी किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के कार्यों को याद किया। बार अध्यक्ष यशपाल सिंह, महामंत्री विशाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष चौधरी राजेन्द्र सिंह व निरंकार सिंह, विवेक चौधरी, सौरभ चौधरी, अनिल चौधरी, राहुल काकरान, अजय कुमार, अम्बिका राणा आदि मौजूद रहे।

# मुठभेड़ के दौरान फ़रार हुये तीन बदमाशों के विरुद्ध थाने में एक और मुक़दमा दर्ज

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार हुए तीन बदमाशों द्वारा न्यायालय के कुर्की की उदघोषणा के आदेश की अवहेलना करने पर तत्कालीन थानाध्यक्ष ने उनके विरुद्ध एक और मुकदमा दर्ज कराया है।

बता दें कि 7 फरवरी, 2025 को नांगल पुलिस तथा बदमाशों के बीच चंदोक-सुंगरपुर बेहड़ा मार्ग पर जंगल में मुठभेड़ हो गई थी। एक बदमाश के पैर में गोली भी लगी थी। घायल बदमाश हरि सिंह पुत्र कुन्दन सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा, थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी सहित टीकम पुत्र ताराचंद निवासी ग्राम ईसापुर, थाना निगोई, जनपद शाहजहांपुर, रविन्द्र पुत्र सुभाष निवासी ग्राम सोफीपुर, थाना पल्लवपुरम, जनपद मेरठ, तारा उर्फ ताराचंद पुत्र खेम सिंह उर्फ रूपराम निवासी स्टेशन कॉलोनी, जनपद कासगंज तथा वीरू पुत्र ऊधन निवासी ग्राम रम्पुरा, थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी कुल 5 बदमाश गिरफ्तार हुए थे। जबकि 3 बदमाश अजीत पुत्र कुन्दन निवासी ग्राम रम्पुरा, थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी, बच्चूलाल पुत्र भगेरू उर्फ दिलावर निवासी खलासी लाइन, थाना सदर बाजार, जनपद सहारनपुर, अशोक उर्फ जहरीला पुत्र कुन्दन निवासी ग्राम रम्पुरा, थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी मौके से फरार हो गये थे।

10 जुलाई, 2025 को न्यायालय ने फरार बदमाशों की कुर्की की उदघोषणा के आदेश एवं वारंट जारी किये थे। कई बार उनकी गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गयी, मगर वे हत्थे नहीं चढ़े। न ही वे न्यायालय में हाजिर हुए। अभियुक्तों द्वारा न्यायालय के उदघोषणा के आदेश की अवहेलना की गयी है, जो कि दंडनीय अपराध है। थानाध्यक्ष ने तीनों फरार अभियुक्तों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 209 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# ज़रूरतमंदों को कंबल बांटे

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर ब्रांच बुखारा, बिजनौर की ओर से जरूरतमंदों को कंबल बांटे गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी यामीन अंसारी ने की, जबकि मुंशी हसीनुद्दीन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हाजी दानिश अख्तर ने किया। इस अवसर पर मुस्लिम फंड के जनरल मैनेजर शेख अकीलउद्दीन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी, डॉ. फिरोज अंसारी, दिलशाद नबी और महफूज आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और समाज के हर सक्षम व्यक्ति को इस दिशा में आगे आना चाहिए।



कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रांच मैनेजर मोहम्मद जावेद, उस्मान अली, चौधरी विजेंद्र सिंह, मोहम्मद गालिब, मोहम्मद राशिद, राजी हसन, अर्शी खान, इरशाद अहमद, रशीद अहमद और विपिन कुमार सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# डीएम ने 10 प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया

**बिजनौर (चिंगारी)। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने खेलों के क्षेत्र में उत्कर्ष दिखा रही 10 प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि वितरित कर महिला सशक्तिकरण व खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया।**




जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से हमारी बेटियां खेलों में नये आयाम स्थापित कर रही हैं। खेलों के प्रति उनका समर्पण व जोश काबिले तारीफ है। प्रशासन खेल प्रतिभाओं को निरंतर समर्थन देगा ताकि वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिजनौर का नाम रोशन कर सकें।

प्रोत्साहित खिलाड़ियों में साक्षी पुत्री प्रमोद कुमार, तनीशा पुत्री अशोक कुमार, तनु पुत्री संजय कुमार, तानिया पुत्री विजेन्द्र सिंह, सोनी पुत्री तसलीम मलिक, शालिनी रावत पुत्री रामबालक, सारिका रावत पुत्री रामबालक, विधि चौहान पुत्री महेश कुमार, भूमि चन्द्रा पुत्री प्रमोद कुमार, परी चन्द्रा पुत्री सौरव कुमार शामिल रहीं। कार्यक्रम में राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर, हिमांशु, सहायक जिला खेल कार्यालय, चित्रा चौहान (हॉकी प्रशिक्षिका) एवं फिरोज खान (कायकिंग/कैनोइंग प्रशिक्षक) उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बचत पत्र में निवेश कर अपना भविष्य सुरक्षित करें- डाक अधीक्षक

**बिजनौर (चिंगारी)।** डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बचत पत्र एनएससी एक लोकप्रिय लघु बचत योजना है, जो आम जनता को सुरक्षित निवेश एवं निश्चत ब्याज दर के साथ बचत का उत्कृष्ट माध्यम प्रदान करती है।


डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा

श्री गगनेजा ने कहा कि राष्ट्रीय बचत पत्र किसी भी डाकघर से खरीदा जा सकता है, यह योजना छोटे निवेशकों, कर्मचारियों, गृहणियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। इस योजना के अन्तर्गत निवेश की गई राशि पर सरकार द्वारा गारंटी प्राप्त होती है, जिससे यह पूरी तरह सुरक्षित होती है। वर्तमान में एनएससी वार्षिक ब्याज दर सरकार द्वारा अधिसूचित की जाती है, जो चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में पांच वर्ष की अवधि में देय होती है। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन एवं ब्याज की संपूर्ण राशि प्राप्त होती है। एनएससी की मुख्य विशेषताओं में निवेश अवधि 5 वर्ष, न्यूनतम निवेश राशि रूपए एक हजार (कोई अधिकतम सीमा नहीं) ब्याज दर सरकार द्वारा त्रैमासिक रूप से निर्धारित ब्याज दर, धारा 80 सी के अन्तर्गत आयकर में छूट, एकल या संयुक्त नाम से खाता खोलने की सुविधा, नाबालिग या अभिभावक के नाम पर भी खाता खोला जा सकता है। डाक विभाग ने सभी से आह्वान किया है कि वे राष्ट्रीय बचत पत्र में निवेश कर अपने भविष्य को सुरक्षित एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं।

# आपात स्थिति में बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन

**धामपुर (चिंगारी)।** शुगर मिल्स लिमिटेड के केमिकल यूनिट में सोमवार को ऑन साइट इमरजेंसी प्लान का रिहर्सल किया गया। धामपुर शुगर मिल की केमिकल यूनिट खतरनाक प्रकृति की श्रेणी में आती है। अत: नियमानुसार दिसंबर में ऑन साइट इमरजेंसी प्लान का द्वितीय रिहर्सल हर वर्ष संपन्न कराया जाता है।

ऑन साइट इमरजेंसी प्लान के द्वितीय पूर्वाभ्यास के रिहर्सल के दौरान सहायक निदेशक कारखाना सुरेंद्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे। मॉकड्रिल उन्हीं के नेतृत्व में तथा धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हुआ। केमिकल यूनिट में टैंक नंबर 4 पर वेल्डिंग का कार्य होने के दौरान संभावित आग लगने की घटना को दर्शाकर, जिसमें दो फैक्ट्रीकर्मी को घायल दिखाया गया। आग को कंट्रोल करने के लिए दो अग्निशामक यंत्र चलाए गए, आग फैलने न पाए इसके लिए अग्निशमन विभाग, धामपुर को तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर को घायलों का उपचार करने के लिए सूचित किया गया। अग्निशमन विभाग के प्रमुख सत्यवीर सिंह और उनकी टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का रिहर्सल किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर के डॉक्टर सुशील कुमार, डॉक्टर अर्चना पवार, डॉ. निधि रानी के द्वारा घायलों का प्राथमिक जांच कर उन्हें उपचार दिया गया। सुरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस रिहर्सल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में कर्मचारियों और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए तैयारियों की जांच करना है। केमिकल यूनिट के कर्मचारियों ने आपदा की स्थिति में तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने का अभ्यास किया, जिसमें अग्निशमन, बचाव अभियान और मेडिकल सहायता जैसी गतिविधियां शामिल थीं।



धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने कहा कि यह रिहर्सल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने और कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित रखने के लिए किया गया है। धामपुर शुगर मिल के डिस्टलरी हेड सुनील राणा ने प्रोसेस, इंजीनियरिंग और फायर टीम के समन्वय से मॉकड्रिल के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। मॉकड्रिल के बाद सहायक निदेशक कारखाना एवं उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के द्वारा श्रमिकों एवं कर्मचारियों को रिफ्लेक्टिव स्टरेप वाली जैकेट बांटी गई।

# नूर साहब के 'नूर' से आज भी रोशन है नगीना

**पुण्यतिथि (23 दिसम्बर) पर विशेष**

**अभी मज़ार पे अहबाब फातेहा पढ़ लें ,**
**फिर इस क़दर भी हमारा निशां रहे न रहे ।।**

उत्तर भारत का नगीना ऐतिहासिक, सामाजिक और राजनैतिक विरासत का केंद्र रहा है,यहां कई महान विभूतियों ने जन्म लिया और अपनी छाप छोड़ी। किंतु नगर के इतिहास में दो ऐसी घटनाएं अंकित हैं, जिन्होंने पूरे समाज को गहरे शोक और आघात में डुबो दिया। ये हैं दो प्रतिष्ठित, प्रभावशाली और लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी,अतीकुर्रहमान और नूरूद्दीन उर्फ नूर साहब का रहस्यमय और अकस्मात निधन।

इन दोनों की असामयिक मृत्यु ने न केवल उनके परिवारों, बल्कि पूरे नगीना की जनता के हृदय पर एक गहरा घाव किया, जिसका दर्द और खालीपन आज, दशकों बीत जाने के बाद भी, ताजा महसूस किया जा सकता है। यह ऐसी सामूहिक याददाश्त का दर्द है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा बन गया है।

अतीकुर्रहमान और नूरूद्दीन,दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र के स्तंभ थे। अतीकुर्रहमान की पहचान एक जुझारू स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में थी। वे देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय रहे, उनकी विरासत और भी गौरवशाली थी, वे पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रथम मंत्रिमंडल में शामिल केन्द्रीय मंत्री हाफिज मोहम्मद इब्राहीम के सुपुत्र थे , नगीना उनकी जन्मभूमि थी।

नूरूद्दीन साहब का जन्म तो बदायूं के एक शिक्षित, संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, किंतु उन्होंने अपनी ज्ञान-साधना और समाज सेवा का केंद्र नगीना को बनाया। वे नगीना के प्रतिष्ठित एम.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के पद पर आसीन रहे और उन्होंने इस संस्थान को न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाया, बल्कि स्वयं को नगर के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का एक अनिवार्य अंग बना लिया। इस प्रकार नगीना अतीक साहब के लिए जन्मस्थली और नूर साहब के लिए कर्मस्थली कहलाया। दोनों के व्यक्तित्व अलग थे- एक राजनीतिक विरासत और सामाजिक सक्रियता के धनी, तो दूसरे शैक्षिक प्रशासन और सांस्कृतिक संवाद के प्रतीक। किंतु उनमें कई मौलिक समानताएं थीं,

दोनों की सार्वजनिक एवं सामाजिक गतिविधियों का मुख्य केन्द्र नगीना था। दोनों ही 1980 का दशक आते-आते अपनी पहचान, प्रभाव और प्रतिष्ठा के शिखर पर पहुंच चुके थे। दुर्भाग्यवश, 1980 के दशक के प्रारंभ में ही दोनों सूर्यास्त की भांति अचानक क्षितिज से ओझल हो गए, जिससे नगर को एक दोहरा झटका लगा। सबसे दुखद और हैरान करने वाली बात यह थी कि दोनों की मृत्यु अत्यंत रहस्यमय, अकस्मात और हृदय विदारक परिस्थितियों में हुई।



अतीकुर्रहमान एक सामान्य दिन की भांति, चुनावी कार्यक्रमों और सार्वजनिक मुलाकातों से निवृत्त होकर रात्रि में विश्राम के लिए सोए। किंतु अगली सुबह उनका पार्थिव शरीर पड़ोस के ही एक कुएं से निकाला गया। यह घटना आज तक अनसुलझा रहस्य और एक सामूहिक आघात बनी हुई है। नूरूद्दीन साहब के लिए 23 दिसंबर 1979 का दिन एक खुशी के कार्यक्रम का था। उनके पुत्र खुर्रम शहजाद नूर को लखनऊ में एक राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में पुरस्कार मिलना था। परिवार के लिए ट्रेन में आरक्षण भी हो चुका था। किंतु तभी यह समाचार मिला कि उनके वृद्ध पिता कमरूद्दीन अहमद गंभीर रूप से बीमार हैं और मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती हैं। पितृ-भक्त नूर साहब ने तत्काल लखनऊ जाने का कार्यक्रम रद्द कर मुंबई की ट्रेन पकड़ ली। इसी यात्रा के दौरान रेल के डिब्बे में ही उनका अचानक निधन हो गया। उसी ट्रेन में यात्रा कर रहे तीन डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया किंतु वे सफल नहीं हो सके।

अकस्मात दो स्तंभों के गिर जाने से पूरा नगर स्तब्ध और शोकाकुल हो गया। शोक की लहर इतनी गहरी थी कि आज भी, जब इन घटनाओं का जिक्र होता है, लोगों की आवाज भर्रा जाती है और शब्द लड़खड़ाने लगते हैं। यह दर्द केवल परिवारों का नहीं, बल्कि पूरे नगर का सामूहिक नुकसान था

अतीकुर्रहमान साहब पर भी फिर कभी फिलहाल नूरूद्दीन साहब की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद दिलाना है कि हम अपने कैसे हमदर्दों को भूलते जा रहे हैं, जिन्होंने समाज के लिए अमूल्य योगदान किया।

एम.एम.कॉलेज के प्रधानाचार्य के रूप में वे सख्त अनुशासनप्रिय थे, किंतु उनका हृदय विद्यार्थियों के प्रति अगाध स्नेह से भरा था। उनके अधीनस्थ रहे शिक्षक- इस्लाम अख्तर बताते हैं कि नूर साहब अचानक किसी भी कक्षा में बिना सूचना दिए पहुंच जाते और स्वयं छात्रों के बीच बैठकर शिक्षक की शिक्षण पद्धति का अवलोकन करते। उनका ध्यान हमेशा इस बात पर रहता था कि शिक्षण प्रभावी ढंग से हो रहा है या नहीं। वे आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों की विशेष मदद करते थे, उन्हें प्रात:काल अपने निवास पर बुलाकर नि:शुल्क शिक्षा देना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था।

शायरी,साहित्य और शिकार से उनका गहरा नाता था। वे 'नूर' तखल्लुस से शेर कहते थे। उनके कुछ शेर निम्नलिखित हैं ।

जो एक पल भी मेरी तरह सांस ले कोई-
वो ज़िन्दगी में कभी जिन्दगी का नाम न ले।
तनक़ीद करे लाख मगर बात यही है
पहुंचे मेरे मैयार पर कम लोग अभी तक।
आपको बे-वफ़ा समझता हूं
आपको बे-वफ़ा कहा तो नहीं।

जंगल और प्रकृति से उनका घहरा लगाव था और वे अक्सर मित्रों के साथ शिकार पर निकल जाते थे । उनके व्यक्तित्व में ऐसा जादू था कि उनके कई गूजरे मित्रों ने अपने बच्चों के नाम उनके नाम पर 'नूरूद्दीन' रख दिए थे। वे सक्रिय राजनीति में नहीं थे, किंतु क्षेत्र की राजनीति पर उनकी पैनी नजर और समझ थी, और कई बार उनकी राय को महत्वपूर्ण माना जाता था।

उनकी पत्नी सितारा नूर के अनुसार, वे सादगी पसंद, किंतु अत्यंत आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी थे , लंबा कद, चौड़ा सीना, चमकदार आंखें और एक ऐसी मुस्कान जो सबका दिल जीत लेती थी। उनमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं था, और वे सभी वर्गों और धर्मों के लोगों से समान प्रेम और सम्मान से मिलते थे।

नूर साहब के निधन के बाद परिवार को न केवल भावनात्मक, बल्कि प्रशासनिक संघर्षों का भी सामना करना पड़ा। उनके अंतिम संस्कार के बाद उनकी समाधि को तलाश करने की औपचारिकताएं पूरी करने में 7 वर्ष, 7 महीने और 21 दिन का लंबा समय लगा, जो कागजी जंगल में भटकने के समान था। उनके दो पुत्र और दो पुत्रियां थीं उनके पुत्र खुर्रम ने अपनी शिक्षा पूर्ण कर भारतीय नौसेना में एडमिरल के पद तक का सफर तैय किया , सेवानिवृत्ति के बाद भी वे नगीना से अपने पिता के नाते को जोड़े हुए हैं। वे बिजनौर में एक सैनिक स्कूल की स्थापना का प्रयास कर रहे हैं, जो उनके पिता के शिक्षा के प्रसार के सपने को साकार करने की एक कोशिश है।

44 वर्ष की अल्पायु में ही वे चले गए, किंतु उनकी विरासत आज भी जीवित है। वे नगीना की हवा में, उसकी मिट्टी की सुगंध में और लोगों की स्मृतियों में बसे हुए हैं। उनका नाम लेते ही लोगों के चेहरे पर एक विशेष चमक आ जाती है, मानो किसी ने उनके सामूहिक दु:ख के घाव पर एक कोमल मरहम लगा दिया हो। नूरूद्दीन साहब का जीवन शिक्षा, सेवा, साहित्य और स्नेह का वह सुमधुर संगम था, जिसे नगीना कभी भुला नहीं पाएगा। वे सिर्फ एक प्रधानाचार्य नहीं, बल्कि नगीना की सामूहिक चेतना के एक स्तंभ थे, जिनके खो जाने का अभाव आज भी महसूस किया जाता है।



**सदा दानिशवरों की मुन्तज़र रहती है यह दुनिया,**
**कई सदयों में होता है कोई अहले नज़र पैदा**

**-परवेज़ आदिल माही**

## राहतपुर में शोक की लहर



**बड़ी संख्या में लोगों ने दी नम आंखों से विदाई**

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली-नांगल मार्ग पर रविवार की रात्रि में ग्राम अभीपुरा गांव के समीप मिट्टी से भरे डंपर में पीछे से कार घुसने से चालक सहित मौत का शिकार हुए चार लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। हादसे में नांगल थाना क्षेत्र के सराय आलम के एक व मंडावली थाना क्षेत्र के राहतपुर के तीन व्यक्तियों की मौत होने से गांव में मातम व सन्नाटा छा गया। हर व्यक्ति की आंखों में आंसू टपक रहे। राहतपुर निवासी एहतेशाम (20वर्ष) पुत्र एहसान, सलाउद्दीन (21वर्ष) पुत्र मुमताज, हांजी अशफाक (65वर्ष) पुत्र मुशब्बर की दर्दनाक मौत से इनके परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। कल शाम के समय तीनों के शव गांव में पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए, इस घटना के बाद से ही गांव में मातम छाया हुआ है। तीन लोगों की मौत के सदमें में पड़ोस में भी चूल्हे नहीं जले, क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ो लोगों ने तीनों के जनाजे में शामिल होकर नम आंखों से इन्हें विदाई दी। बड़ी संख्या में क्षेत्र के आलिमों ने भी इनके घर पहुंचकर इस घटना पर दुख जताते हुए इनकी मगफिरत के लिए दुआ की। गांव में एक साथ तीन जनाजे उठने से माहौल पूरी तरह से गमगीन हो गया। हादसे में मारे गये चारों लोग दीनी जलसे से लौट रहे थे। यह सभी नमाजी परहेजगार व दीन से जुड़े हुए अच्छे लोग थे। इस घटना के बाद से ही गांव में मंडावली पुलिस तैनात रही।



# डीएम साहिबा पूरे मनोयोग से प्रयास में लगीं नगीना क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की उम्मीद जगी



बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर में नगीना मार्ग रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की मांग वर्ष 2022 से चल रही है। रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा भी निर्देश दिये जा चुके थे, परंतु पिछले 3 वर्षों से जनता असमंजस में रही कि पुल का निर्माण क्यों नहीं हो पा रहा है। पिछले 6 माह से उद्योग बंधु एवं व्यापार मंडल द्वारा लगातार यह मुद्दा उठाया जा रहा था। सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के प्रयास से NHAI, PWD, रेलवे एवं उद्योग-व्यापार बंधु को एक साथ बैठाकर स्थिति स्पष्ट की गई। NHAI अधिकारियों ने बताया कि 12 जून 2022 को रेलवे ने स्वयं NOC मांगी थी और यह कहा था कि ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे ही करेगा। रेलवे के सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद साजिद ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि रेलवे को बजट प्राप्त हो चुका है, पूरा पुल रेलवे द्वारा ही बनाया जाएगा, 15 दिन के भीतर अग्रिम कार्रवाई की सूचना दी जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि इस संबंध में नॉर्दर्न रेलवे (दिल्ली कार्यालय) एवं मुरादाबाद डिवीजन को भी पत्र भेजा जाए। अब यह पूरी तरह स्पष्ट है कि नगीना मार्ग रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे विभाग द्वारा ही किया जाएगा। दुर्भाग्यवश, इससे पहले तीन वर्ष तक जनता अनिश्चितता में रही, अब प्रशासनिक पहल से सच्चाई सामने आ चुकी है।

उद्योग बंधु एवं व्यापार मंडल इस विषय पर सतत निगरानी बनाए रखेगा। डीएम साहिबा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु मीटिंग में इस प्रभावी मुद्दे का पटाक्षेप हुआ। इस अवसर पर उद्योग बंधु AIM चैप्टर चेयरमैन अभिषेक गोयल, उपाध्यक्ष बीएस राजपूत, महासचिव विपुल रस्तौगी, जुल्फिकार अहमद, विकास अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल एवं व्यापार बंधु सहित समस्त अधिकारीकरण उपस्थित रहे।

## चाय पर चर्चा में प्रकरण पर पड़ी धूल को हटाया

उद्योग बन्धु की बैठक शाम लगभग 5:45 बजे समाप्त हो गई थी, लेकिन जिलाधिकारी महोदया ने बैठक के बाद भी इस विषय के निस्तारण के लिए रेलवे के एक अधिकारी की प्रतीक्षा की और NHAI व PWD विभाग के साथ-साथ उद्योग बंधु को कार्यालय में बैठाकर चाय के साथ चर्चा करते हुए शाम 7 बजे तक इस प्रकरण पर पड़ी धूल को लगभग हटा दिया है और शायद कहीं न कहीं इस पुल की नींव ही रख दी है। सम्भावना जगी है कि मार्च 2026 में इस पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

धन्यवाद..... जिलाधिकारी महोदया....

-बी.एस. राजपूत

# जयंती पर किया चौ. चरण सिंह को नमन



चिंगारी सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी को चौधरी चरण सिंह का चित्र भेंट करते शैलेंद्र चौधरी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी के नेतृत्व में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिंगारी के सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी के सान्निध्य में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जन्म जयंती के अवसर पर उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, ग्रामीण भारत व सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारत रत्न के रूप में सशक्त व आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने वाले महान विचारक थे। उनकी नीतियां आज भी किसानों व वंचित वर्गों के लिए मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने चैधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किया हवन

## जन-जन तक चौधरी चरण सिंह की नीतियां पहुंचाने की जरूरत- आचार्य नरेंद्र



बिजनौर ( चिंगारी )। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता व चौधरी चरण सिंह के अनुयाई नुमाइश ग्राउंड स्थित चौधरी चरण सिंह चौक पर जुटे, यहां पर रालोद के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य की देख-रेख में हवन का आयोजन किया गया। राधेश्याम चिकारा एडवोकेट तथा ब्रजवीर आर्य के द्वारा हवन कराया गया। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के आदर्शों व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। चौधरी साहब ने समाज में राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में जहां जेल गए, वहीं जमींदारी उन्मूलन प्रथा से मुक्त कराया। रालोद के प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह ने कहा कि चौधरी साहब ने हर समाज के लिए ऐसे कार्य किए हैं जिन्हें बुलाया नहीं जा सकता। राधेश्याम चिकारा एडवोकेट ने चौधरी साहब की नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। चौधरी चरण सिंह के अन्य अनुयायियों ने उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉक्टर नीरज चौधरी, डॉ. मधु चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रेणुका चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी, बलजीत शास्त्री, रालोद के वरिष्ठ नेता अलबेल सिंह, यशपाल सिंह, ओम सिंह, चौधरी हरवीर सिंह,गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ कालू,, सुरेंद्र सिंह, रामसिंह, जयपाल सिंह, चौधरी सुशील कुमार, राजेंद्र भुइयार, युवा प्रकोष्ठ के महासचिव शिवम राणा, चौधरी अमन सिंह, चंद्रपाल वाल्मीकि, रणधीर सिंह, प्रीतम सिंह, लवकुश फौजी, मुफीज आलम उर्फ गुड्डू, वकील अहमद, अनुदीप चौधरी, प्रशांत चौधरी, अरविंद चौधरी, चंद्रपाल सिंह, संजीव चौधरी सहित बड़ी संख्या में चौधरी चरण सिंह के अनुयाई उपस्थित रहे। रालोद कार्यकर्ताओं ने गंगा बैराज स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## पीएम रहते हुये भी किसानों की चिंता की

नूरपुर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल के कैम्प कार्यालय पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि चौधरी साहब का जीवन किसानों के लिए संघर्ष में गुजरा, उनके अथक प्रयास के कारण ही किसानों को उनका अधिकार मिला। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए भी किसानों की चिंता रही। इस अवसर पर सन्दीप जोशी, सरदार रविन्द्र सिंह, बागेश सिंह आदि उपस्थित रहे।



## चौधरी साहब के कार्यों को याद किया

नहटौर ( चिंगारी )। भारत रत्न एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जयंती पर जाट जागृति संगठन की ओर से हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव विहार स्थित जाट भवन में आयोजित हवन कार्यक्रम के मुख्य यजमान महेंद्र सिंह प्रधान रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सीतम सिंह एवं नौबहार सिंह ने हवन कार्यक्रम संपन्न कराया। वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के जीवन के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने किसान, नौजवान, गरीब, गांव, खेती, खलियान के लिये उत्थान के कार्य किया। इस अवसर पर गुनवान सिंह अध्यक्ष, घसीटा सिंह, डॉ. धर्मपाल सिंह, प्रेम सिंह अखेड़ा, रामपाल सिंह, अमीन साहब, सुरेशपाल दरोगा, लोकेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, पवन ढाका, स्वामी आनन्द आचार्य, सुनील कुमार, कुलवीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# अवैध खनन का चक्कर, बदल दिया दुर्घटना वाला डम्पर

## थानाध्यक्ष और एक सिपाही पर गिरी गाज, दोनों हुये सस्पेंड



जेसीबी से धकेलकर मिट्टी से भरे डम्पर को ले जाती पुलिस। इसी सीसीटीवी फुटेज से खुला डम्पर बदले जाने का राज।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** तेज रफ्तार क्रेटा कार के आगे जा रहे डम्पर के नीचे घुसने से क्रेटा सवार 4 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो जाने के प्रकरण में तब नया मोड़ आ गया, जब किसी ने पुलिस अधीक्षक से सीसीटीवी फुटेज के साथ यह शिकायत कर दी कि नांगल पुलिस ने मिट्टी से भरे डम्पर को खाली डम्पर से चेंज कर दिया है। शाम को मामले की जांच करने पहुंचे एएसपी ( सिटी) और सीओ ने दुर्घटना में शामिल डम्पर को ईंट-भट्टे से बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष तथा एक सिपाही को सस्पेंड कर दिया है।

ज्ञातव्य है कि रविवार की रात्रि 11:15 बजे नांगल-मंडावली मार्ग पर ग्राम शेरपुर अभि में स्थित पेट्रोल पम्प के पास मंडावली की ओर से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार संख्या एचआर 26 ईएन- 5498 उसी दिशा में जा रहे मिट्टी से भरे डम्पर में पीछे से घुस गई थी। इस दर्दनाक हादसे में क्रेटा सवार चारों व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। घटना तब घटी, जब मंडावली क्षेत्र के ग्राम राहतपुर के तीन व्यक्ति अपने गांव की जामा मस्जिद में सम्पन्न हुए दीनी जलसे के बाद नांगल क्षेत्र के ग्राम सराय आलम निवासी वृद्ध कारी इकबाल अहमद को उनके घर छोड़ने जा रहे थे।

उक्त प्रकरण में मृतकों के परिजनों ने तो कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की थी, मगर किसी ने पुलिस अधीक्षक से यह शिकायत कर दी कि नांगल पुलिस ने जिस खाली डम्पर को कब्जे में लिया है, उससे दुर्घटना नहीं हुई थी, बल्कि दुर्घटना में शामिल डम्पर मिट्टी से भरा हुआ था, जो अवैध खनन में संलिप्त था। प्रमाण के तौर पर रास्ते में स्थित एक स्कूल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी दी गई थी। दोनों डम्पर, ईंट भट्टा संचालक ओमप्रकाश उर्फ लालू भाटी के हैं। बताया जाता है कि डम्परों से एक निर्माणाधीन बैंकेट हॉल में मिट्टी भराव किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सोमवार की शाम प्रकरण की जांच करने अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्णगोपाल सिंह और क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह पहुंचे, वे जांच करते हुए सराय आलम की पुलिया के समीप स्थित ईंट भट्टे पर पहुंचे, उन्होंने वहां से दुर्घटना में शामिल वास्तविक डम्पर को बरामद किया। डम्पर को थाने लाकर अंदर खड़ा कर दिया गया। एएसपी (सिटी) तथा सीओ ने देर रात्रि तक नांगल थाने में मौजूद रहकर प्रकरण की बारीकी से जांच की। डम्पर स्वामी ओमप्रकाश उर्फ लालू भाटी से भी गहनता से पूछताछ की गई।

एएसपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने डम्पर बदलने तथा उच्चाधिकारियों को गुमराह करने के आरोप में थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक तथा सिपाही अंकित सैनी को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड सिपाही द्वारा दुर्घटना में शामिल डम्पर को थाने लाया जा रहा था। उसी की मौजूदगी में वास्तविक डम्पर को ईंट भट्टे पर खड़ा कर दूसरे खाली डम्पर को थाने लाया गया। ईंट भट्टे का संचालन भी डम्पर स्वामी द्वारा किया जा रहा है।

## डम्पर स्वामी और उसके पुत्र के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** डम्पर बदलने के खेल में डम्पर स्वामी पर भी गाज गिर गई है। अधिकारियों के निर्देश पर बीती रात्रि उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने तहरीर दी कि जांच करने पर पाया गया कि अवैध खनन कर दुर्घटना में शामिल डम्पर में मिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। वास्तविक डम्पर का रजिस्ट्रेशन नम्बर यूपी 16 जीटी-7580 है। डम्पर मालिकईंट भट्टा संचालक ओमप्रकाश भाटी तथा उसके पुत्र कुनाल भाटी द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उक्त डम्पर का बीमा व फिटनेस प्रमाण-पत्र नहीं हैं। इस कारण इस डम्पर से नम्बर प्लेट हटा दी गई थी तथा साइड में लिखे नम्बर को खुरचकर मिटा दिया गया था। भट्टे पर जाकर जांच की गयी, तो दुर्घटना में शामिल डम्पर वहां खड़ा मिला। तलाशने पर नम्बर प्लेट ईंटों के ढेर के पास मिली। ये लोग मिट्टी खनन से सम्बन्धित अनुमति नहीं दिखा सके। तहरीर में कहा गया है कि पिता-पुत्र के द्वारा अवैध खनन व धोखाधड़ी करने का अपराध कारित किया गया है। उपनिरीक्षक की ओर से डम्पर स्वामी/भट्टा संचालक ओमप्रकाश भाटी तथा उसके पुत्र कुनाल भाटी निवासीगण ग्राम कैलाशपुर, थाना सूरजपुर, जनपद गौतमबुद्ध नगर हाल निवासी शिव ईंट उद्योग ग्राम सराय आलम के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में बीएनएस की धारा 318 (4) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बिजनौर की देव कालोनी में दिनदहाड़े ठांय-ठांय

## अंधाधुंध फायरिंग कर सनसनी फैलायी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कानून का डर नहीं रहा या पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है, जो बिजनौर जैसे शांत नगर में भी अब दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग होने लगी है। नगर की देव कालोनी में उस समय सनसनी और दहशत फैल गई, जब युवकों के दो गुट किसी बात को लेकर भिड़ गए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई राउंड फायरिंग की गई। अचानक चली गोलियों से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस के पहुंचने पर गुंडे फरार हो गए।



यह सनसनीखेज घटना कल सोमवार को अपराह्न करीब तीन बजे शहर कोतवाली क्षेत्र के चक्कर रोड स्थित देव कालोनी में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ युवक वहां पहले से जमा थे। बाद में दूसरे गुट के युवक मोटरसाइकिलों से वहां पहुंचे। इस दौरान किसी पुराने विवाद को लेकर दोनों गुटों में तीखी बहस हुई। कुछ ही देर में दोनों गुटों ने तमंचे निकाल लिये और दनादन फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज से लोग सहम गए। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की गाड़ियों को आता देख गोली चलाने वाले युवक गन्ने के खेतों में भाग गये। हालांकि पुलिस ने युवकों की तलाश में गन्ने के खेतों में कॉम्बिंग की, लेकिन कोई पकड़ा नहीं गया। पुलिस अब देव कॉलोनी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के माध्यम से फायरिंग में शामिल युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को घटनास्थल से कारतूसों के खोखे बरामद हुए हैं।

# बाधा दौड़ में अभिषेक को मिला दूसरा स्थान



**किरतपुर ( चिंगारी )।** ज्योतिबाफुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा आयोजित 50वीं अंतरविश्वविद्यालय एथलीट मीट में संघटक राजकीय महाविद्यालय मीरापुर बांगर के बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अभिषेक चौधरी ने 400 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्षेत्र के रायपुर बेरिसाल निवासी हितेश सिंह के पुत्र अभिषेक चौधरी ने इस उपलब्धि के साथ संघटक राजकीय महाविद्यालय और बिजनौर जनपद का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में भागीदारी और अपनी सफलता के लिए अभिषेक ने अपने पिता, प्रशिक्षक और महाविद्यालय के शिक्षकों का धन्यवाद दिया। संघटक राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोबिन राठी ने अभिषेक को बधाई देते हुए कहा कि अभिषेक चौधरी एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी है, हम सबकी जिम्मेदारी है कि ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाएं। ताकि ये युवा देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करें।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल में रामानुजन जयन्ती पर मैथमैटिक्स ओलंपियाड का आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। यह दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय में मैथमेटिक्स ओलंपियाड 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के लगभग 3500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि और तार्किक सोच को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर राणा प्रियंकर सिंह एवं विद्यालय प्रशासन प्रमुख अदिति सिंह ने विद्यार्थियों की गणित विषय में विशेष रुचि की सराहना करते हुए राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित विषय छात्रों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और समस्या समाधान कौशल को विकसित करता है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सहायक सिद्ध होता है।

# हिन्दी चिंतन : धामपुर में जुटेंगे कई देशों से शिक्षाविद

## 20-21 फरवरी को एसबीडी कॉलेज में होगा कार्यक्रम



**बिजनौर ( चिंगारी )**। धामपुर में हिंदी भाषा को लेकर चिंतन और मनन किया जाएगा। इसी मक़सद से वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी का भविष्य विषय पर एक सेमिनार होगा, जिसमें चीन, नेपाल, श्रीलंका सहित कई मुल्कों से शिक्षाविदों के पहुंचने की संभावना है। हिन्दी भाषा को लेकर होने वाले इस सेमिनार में पड़ोसी देशों में हिन्दी, संयुक राष्ट्र में हिन्दी, अमरीका में हिन्दी सहित कई अन्य मामलों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक व आयोजन सचिव असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अल्पना सिंह ने बताया कि सेमिनार के उद्देश्यों में वैश्विक स्तर पर हिन्दी के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चिंतन-मनन होगा। उन्होंने बताया कि 20 से 21 फरवरी तक कार्यक्रम धामपुर के एसबीडी कॉलेज में आयोजित होगा।

जानकारी दी कि कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए ऑस्ट्रेलिया, अमरीका, इंग्लैंड, रूस, उज्बेकिस्तान, नीदरलैंड, मॉरीशस, नॉर्वे, नेपाल, चीन, जापान, श्रीलंका से शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया है। भारत के करीब 10 प्रांतों से भी विद्वान कार्यक्रम में पहुंचेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर पूनम चौहान, गृह विज्ञान विभाग से मीनू शर्मा, अंग्रेज़ी विभाग से रितु देवी सहित कई अन्य जुटे हैं।

### चार देशों के शिक्षाविदों की उपस्थिति की पुष्टि

डॉक्टर अल्पना ने बताया कि अभी तक ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नेपाल, चीन के कुछ शिक्षाविदों की कार्यक्रम में उपस्थिति की पुष्टि हो चुकी है। अन्य की भी शीघ्र होने की संभावना है। ये शिक्षाविद किसी न किसी रूप में हिन्दी भाषा को बढ़ावा दे रहे हैं।

**डॉक्टर अल्पना हिन्दी भाषा के विकास में लंबे समय से प्रयासरत हैं। वह छात्राओं को हिन्दी भाषा में बैंक कार्य, एटीएम से पैसे निकालते समय हिन्दी भाषा के प्रयोग, मोबाइल संदेश आदान-प्रदान में हिन्दी भाषा के प्रयोग करने पर बल देती हैं। उनका मानना है कि हिन्दी इस समय देश ही नहीं वरन विदेशों में भी ज़रूरत बन गई है।**

# रामा कॉलेज के एमएसडब्लू के छात्रों ने की एजुकेशनल विजिट

**किरतपुर ( चिंगारी )**। रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर के एम.एस.डब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने विभागाध्यक्ष श्वेता सरकार के मार्गदर्शन में सेंट मैरीज हॉस्पिटल नजीबाबाद का शैक्षिक भ्रमण किया। सेंट मैरी हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं फादर ने हॉस्पिटल का भ्रमण कराया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों एवं डॉक्टरों से संवाद कर स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और छात्र-छात्राओं को राज्य एवं केंद्र सरकारों की विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं, सेवाओं व स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक किया। सेंट मैरी हॉस्पिटल के डायरेक्टर ने बताया कि हमारा उद्देश्य जन-समुदाय तक सही, सस्ता, शुलभ एवं उच्च कोटि का इलाज उपलब्ध कराना है। इस दौरान प्रवक्ता आशीष भरद्वाज का सहयोग रहा। यह जानकारी रामा कालेज के मीडिया प्रभारी डॉ.रवीश कुमार ने दी।




# विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित कीं



**किरतपुर ( चिंगारी )**। कल नारायण दास रस्तौगी सरस्वती शिशु मंदिर एवं बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज किरतपुर, बिजनौर में विद्यालय की ओर से एलकेजी से 12 तक के सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार रस्तौगी एवं प्रधानाचार्य श्री देवेंद्र सिंह, उपप्रधानाचार्य विर्निश कुमार ने जर्सी बांटीं।

# महिलाएं, उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठायें- थानाध्यक्ष

## मानियावाला में महिलाओं को जागरूक किया



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। मिशन शक्ति फेस 5 के तहत कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में सिलसिलेवार चल रहे प्रोग्राम्स के क्रम में मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने सोमवार को क्षेत्र के ग्राम मानियावाला में महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि नारी की सुरक्षा व सम्मान शासन-प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाएं, पुलिस हर सम्भव मदद करेगी। प्रोग्राम को महिला उपनिरीक्षक रीनू पवार, प्रधानपति तसव्वर कुरैशी ने भी सम्बोधित किया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं व युवतियों को इस संबंधित पंपलेट भी वितरित किये।

# कमलेश सैनी को सम्मानित किया



श्रीमती कमलेश सैनी को भगवान परशुराम का चित्र देते हुए

**चांदपुर ( चिंगारी )**। ब्राह्मण विकास सेवा समिति के पदाधिकारियों ने निवर्तमान विधायक श्रीमती कमलेश सैनी को भाजपा की राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी, महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट, डा. विनोद कुमार शर्मा, दिग्विजय शर्मा, संदीप कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# राज्यपाल की मंजूरी के बाद 10 विधेयक बने कानून

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )**। राज्यपाल की मंजूरी के बाद श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास समेत 10 विधेयक अधिनियम बन गए। सोमवार को प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने इसकी सूचना दी। बता दें कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास विधेयक बीते अगस्त माह में दोनों सदनों में पारित हुआ था, जिसके बाद राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया था। राज्यपाल ने बीती 21 अगस्त को इसकी अनुमति प्रदान कर दी थी। इसके अलावा जो विधेयक मंजूरी के बाद अधिनियम ( कानून ) बन गए हैं।

KRISHNA INSTITUTE OF SCIENCE
(Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad)
Noorpur Road, BIJNOR (U.P.) 246701

IMMEDIATELY REQUIRES

ASSISTANT PROFESSORS FOR B.C.A.

Qualification
As per UGC/Guru Jambheshwar University, Moradabad Norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Chairman or mail at krishnainstitute of science @ gmail.com* **Mob.9105108100**

# किसानों को भूमाफ़िया कहना ग़लत-भाकियू

## यूनियन खेतों में खड़े होकर गन्ना कटवायेगी


भाकियू (टिकैत) की पंचायत को सम्बोधित करते दिनेश कुमार।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** गंगा खादर क्षेत्र में आजकल भूमि विवाद गहराया हुआ है। इसी विवाद को लेकर विगत बृहस्पतिवार की शाम खादर क्षेत्र में राशिद उर्फ भूरे पक्ष तथा शांति पक्ष में झगड़ा भी हो गया था। शांति ने राशिद व एक अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। राशिद उर्फ भूरे के समर्थन में भाकियू (अराजनैतिक) खुलकर सामने आई है। जबकि सोमवार को भाकियू (टिकैत) ने शांति पक्ष तथा खादर क्षेत्र के किसानों के समर्थन में पंचायत की।

गंगा घट्टी के समीप स्थित सुमित कुमार के घेर में आयोजित भाकियू ( टिकैत ) की पंचायत में पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि खादर क्षेत्र में छोटे-छोटे किसान हैं, जो खेती करके अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रहे हैं। उन्हें भूमाफिया कहकर अपमानित किया जा रहा है। संगठन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। जिला महासचिव नरदेव सिंह ने कहा कि अगर किसान कहेंगे, तो भाकियू खेतों पर खड़े होकर उनका गन्ना कटवायेगी। जिन्होने गन्ना बोया है, उन्हें काटने का पूरा हक है। उनका विरोध करने वाले लोग खुद गलत हैं।

पंचायत में किसान मौ. अय्यूब तथा यूसुफ ने बताया कि वन विभाग ने उनकी 16 बीघा गन्ने की फसल नष्ट कर दी है, जबकि उनके पास जमीन के कागजात हैं। अजय बालियान 'गुड्डू' के संचालन में आयोजित पंचायत में अवनीश कुमार, मुकुल कुमार, शिवकुमार सहरावत, वीरेश राणा, रोहित कुमार, सत्यपाल सिंह, अमरीश देशवाल, हेमेन्द्र चौधरी, तुषार कुमार, मोहित कुमार, देवेन्द्र सिंह 'मूला', ज्ञान सिंह, जाहिद मलिक, सूरज सिंह, रजत कुमार, प्रमोद कुमार, राहुल कुमार, मौ. अय्यूब, फतेह मोहम्मद, यूसुफ सहित काफी किसान मौजूद रहे।

# नौशाद बने नगर महासचिव


मौ. नौशाद को नियुक्ति पत्र देते शिव कुमार भोले।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) के नगर अध्यक्ष पत्रकार हाजी अब्दुल बारी ने उच्च पदाधिकारियों की संस्तुति पर नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी मौ. नौशाद पुत्र अब्दुल शकूर को नगर महासचिव नियुक्त किया है। मौ. नौशाद को यह मनोनयन पत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार भोले ने गत दिनों नगर में आयोजित संगठन के एक कार्यक्रम के दौरान सौंपा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, नगर अध्यक्ष हाजी अब्दुल बारी, नगर उपाध्यक्ष एहसान शाही, वार्ड अध्यक्ष इमरान अल्वी व महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस की असली ताक़त उसके बूथ कार्यकर्ता : रमोला

## रायवाला क्षेत्र में इंका कार्यकर्ताओं की बैठक



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** ऋषिकेश विधानसभा अंतर्गत रायवाला क्षेत्र में बीएलए 2 एवं बूथ सेक्टर प्रभारियों के चयन को लेकर इंकाइयों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता ऋषिकेश विधानसभा बूथ प्रभारी मनोज नौटियाल ने की। बैठक में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्रभावी बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। ऋषिकेश विधानसभा बूथ प्रभारी मनोज नौटियाल, कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। जब संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होता है, तभी जनता की समस्याओं को सही मंच पर मजबूती से उठाया जा सकता है। पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवान व वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजेंद्र विक्रम शाही ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतंत्र, संविधान और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ के.एस. राणा, रायवाला ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल रमोला, श्यामपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयपाल सिंह पंवार, रवि राणा, मुकेश मनोडी, अजय सिंह, मनदीप सिंह, नवीन लाल शाह, के के थापा, कमल रावत, बलदेव सिंह, विक्रम बिष्ट, देवेंद्र सिंह राणा, रामलाल चमोली, कमल सिंह राणा, दिनेश रांगड, सतीश रावत, धर्मेंद्र सिंह, रोहित नेगी, मनोज गोसाई, जीत सिंह रांगड, जगवीर सिंह नेगी,सनमोहन सिंह रावत, क्षेत्र बहादुर माल, कुंवर सिंह गुसाई, हर्ष पति सेमवाल, देव सिंह रावत, वीरपाल सिंह राणा, वीरेंद्र पोखरियाल, शेर सिंह रांगड, पी सी रमोला,हीरा सिंह राणा, धर्मपाल सिंह असवाल, विक्रांत भारद्वाज, शुभम, दीपक सिंह, मीना थापा आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया, रामानुजन का योगदान बताया



**चांदपुर (चिंगारी)।** भगवन्त पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती (राष्ट्रीय गणित दिवस) के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें रामानुजन के द्वारा गणित पर किये गये अनुसंधान और खोज की चर्चा की गई। गणित के अध्यापक गौरव कुमार ने छात्रों को राष्ट्रीय गणित दिवस के विषय में विस्तार से बताया व श्रीनिवास रामानुजन द्वारा गणित विषय पर किए गए कार्यो व उपलब्धियों को गिनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार राय ने सभी को गणित विषय अच्छे से सीखने की बात कही। इस अवसर पर गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चारों हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उपप्रधानाचार्य नितिन शर्मा, वरिष्ठ समन्वयक दीपक कुमार, उप समन्वयक हृदेश शर्मा दीपिका राजपूत, प्रदीप कुमार, प्रिंस चौधरी, गौरव कुमार आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# घेर में कुंबल लगाकर तीन पशु चुराये

**चांदपुर (चिंगारी)।** चोरों ने एक किसान के घेर में कुंबल लगाकर लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के तीन पशु चोरी कर लिये। मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी दिलशाद अहमद पुत्र जहीर अहमद ने बताया कि वह पशुओं को पाल कर अपनी गुजर-बसर करता है। हल्दौर रोड पर उसका घेर है। घेर में एक भैंस सहित तीन पशु बंधे हुए थे। रात्रि के समय घेर में कुम्बल लगाकर चोर वहां बंधे तीनों पशु चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# नगर को स्वच्छ व उन्नत बनाने में व्यापारियों का सहयोग ज़रूरी : महापौर

## नगर निगम व व्यापारियों में सुयंक्त कार्यक्रम




**ऋषिकेश (चिंगारी)।** रेलवे स्थित एक होटल में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम ऋषिकेश के साथ एक संयुक्त संवाद का आयोजन किया जिसमें सौ से ज्यादा व्यापारियों ने सम्मिलित होकर नगर निगम महापौर शम्भु पासवान एवं सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। सामान्यत व्यापारियों की समस्याओं में अतिक्रमण, अन्य प्रदेश से आकर खुले में ठेली लगाना, कूड़ा और गंगा कॉरिडोर जैसी प्रमुख समस्याएं शामिल रहीं। महापौर शम्भु पासवान एवं सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट ने सभी व्यापारियों की समस्याओं को पूरी धैर्यता के साथ सुना और सभी पर अपने विचार भी रखे। संगठन के महामंत्री प्रतीक कालिया ने बताया कि लंबे समय से व्यापारियों को प्रशासन की कुछ गतिविधियों द्वारा समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी निमित आज एक स्वस्थ संवाद का आयोजन हुआ और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा ने कहा कि यदि व्यापारियों को कोई तकलीफ है तो निगम को संज्ञान लेना चाहिए। महापौर शम्भु पासवान द्वारा सभी व्यापारियों को आश्वस्त किया गया कि निगम के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाएगा जिससे व्यापारियों का अहित हो लेकिन ऋषिकेश को साफ स्वच्छ और उन्नत बनाने के लिए व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है। समस्त व्यापारियों द्वारा जो भी समस्याएं उजागर की गई उन पर सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट जी द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया कि निगम द्वारा किस विषय पर कितना कार्य किया गया है। कार्यक्रम में नरेश अग्रवाल, दीपक तायल, श्रवण जैन, विवेक तिवारी, प्रिंस मनचंदा, सुरेश सुरी, सुनील गुप्ता, प्रदीप दुबे, नवल कपूर, मनोज कालरा, आशु डंग, विक्की सेठी, विनोद कोठारी, मनोज टुटेजा, हितेंद्र पंवार, संजय भट्ट, पंकज चावला,आशु अरोड़ा, अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित थे।

# हाथी भी इंसानों के नक्शे क़दम पर चलने लगे

## ज़िम्मेदारी से मुंह मोड़ा, बच्चे को अकेला छोड़ा

-राशिद मलिक





**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** इस बदलते परिवेश में अब केवल इंसान ही नहीं बदल रहे, बल्कि वन्य जीवों का मिजाज भी बड़ी तेजी से बदलता जा रहा है। अभी तक इंसानों द्वारा ही अपने नवजात बच्चों को फेंके जाने की घटनाएं सुनने व देखने को मिलती रहती थीं, परंतु अब वन्य जीवों में सबसे विशाल देह के मालिक व सामाजिक जीव हाथी भी अपने नवजात शावकों का त्याग करने लगे हैं। हाथियों के इस व्यवहार से ऐसा लगता है, मानो वह भी अब इंसानों के नक्शे कदम पर चलने लगे हैं।

ताजा मामला अभी बढ़ापुर रेंज का है, जहां बीते 2 दिसंबर को एक मादा हाथी ने अपने नवजात बच्चे को जन्म देने के तुरंत बाद छोड़ दिया था। नवजात गज शावक को उसकी मां से मिलाने के लिए वन विभाग की टीम ने तीन बार शावक को उसकी मां के बिल्कुल नजदीक छोड़ दिया था किंतु मां ने उसे अपनाया ही नहीं था, आखिरकार नन्हे बेबी एलीफेंट को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पुनर्वास केंद्र भेज दिया गया है।

नजीबाबाद डिवीजन में इस तरह का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पूर्व भी साल 2023, 2021 व 2018 में भी डिवीजन की बढ़ापुर एवं साहूवाला रेंज में मादा हाथियों ने अपने बच्चों को त्याग दिया था, जिन्हें मां एवं झुण्ड द्वारा न अपनाये जाने पर हाथी पुनर्वास केन्द्र भेज दिया गया था।


हाथियों द्वारा अपने नवजात बच्चों को आखिर क्यों त्याग दिया जाता है? क्या बेबी एलीफेंट को समूह के नियमों को तोड़ने या फिर झुण्ड के जीवन व्यतीत करने की कार्य शैली में बाधक बनने पर उन्हें समूह से बाहर कर दिया जाता है? इन सवालों का जवाब जानने के लिए सांध्य दैनिक चिंगारी की टीम ने कई हाथी विशेषज्ञों से बात की।

हाथियों के इस व्यवहार के संबंध में कार्बेट टाइगर रिजर्व में वरिष्ठ वन्य जीव विशेषज्ञ दुष्यंत शर्मा ने उक्त सवालों के विस्तारपूर्वक जवाब दिये। वन्य जीव विशेषज्ञ दुष्यंत शर्मा का कार्बेट टाइगर रिजर्व में हाथियों, बाघ व भालू आदि के संरक्षण और रेस्क्यू में विशेष योगदान रहा है। 'नेशनल को-कन्वीनर जू एंड वाइल्डलाइफ वेटरिनेरियन' सम्मान से सम्मानित तथा 200 से अधिक बाघ, हाथियों के बच्चों व गुलदार का रेस्क्यू करने वाले विशेषज्ञ दुष्यंत शर्मा मादा हाथी द्वारा बच्चों को छोड़े जाने के संबंध में बताते हैं, मादा हाथी 17 से 18 वर्ष की आयु में पहली बार मां बनती है, परन्तु कभी-कभी अल्प आयु मात्र 8 से 9 वर्ष की आयु में भी मां बन जाती है। अल्पायु में मां बनने वाली मां अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझ पाती है, इसलिए भी बच्चे को छोड़ देती है, परंतु झुण्ड में मौजूद नानी और मौसी भी ऐसी अवस्था में बच्चों का पालन-पोषण कर लेती है। हाथी एक सामाजिक प्राणी है। हाथियों का झुंड हमेशा चलता रहता है। कभी-कभी हाथियों के बच्चे बीमारी या घायल होने पर झुण्ड के साथ नहीं चल पाते है, ऐसे में अकेली माता अपने बच्चों की सुरक्षा नहीं कर पाती है, तब भी वह समूह में रहने के लिए बच्चे को छोड़ देती है। इसके अलावा मां के बीमार व बूढ़ी होने के चलते भी वह बच्चों को छोड़ देती है। वन्य जीव विशेषज्ञ डा. शर्मा बताते हैं कि वर्तमान में उन्होंने हाथियों के तीन बच्चों का रेस्क्यू किया है, जिनका पालन-पोषण कार्बेट रिजर्व पार्क में ही हो रहा है।

**बढ़ापुर एवं साहूवाला रेंज में हाथियों द्वारा छोड़े गए बच्चे**



## कूड़े के ढेर पर डालकर वैक्सीन जला दी





**चंदक ( चिंगारी )।** एक ओर पशुपालक पशुओं में फैल रहे खुरपका और मुंहपका बीमारी से परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर पशुओं के लिए शासन द्वारा आ रही दवाओं को खुड़ाहेड़ी पशुचिकित्सालय में कूड़े में फेंका जा रहा है। मतलब वैक्सीनेशन कागजों में हो रहा है और जान बचाने वाली दवाएं कूड़े में जा रही हैं। चंदक क्षेत्र के साथ पूरे जिले के पशुओं में मुंहपका, खुरपका रोग तेजी से फैल रहा है। रोग की रोकथाम के लिए चिकित्सकों को गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण करने का अभियान चलाया जाना है। मगर खुड़ाहेड़ी में स्थित पशु चिकित्सा केन्द्र में इस रोग की दवाइयों को पशुओं को लगाने की जगह अस्पताल में कूड़े के साथ जलाया जा रहा है। सोमवार को चिकित्सालय के शौचालय में कूड़े के ढेर में दवाइयों का ढेर मिला। पता चला कि उक्त दवाईयां खुरपका, मुंहपका रोग की वैक्सीन हैं। इस सम्बध में जब चिकित्सा प्रभारी आलोक कुमार से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि वह शौचालय के कूड़े का ढेर नहीं है। बल्कि स्टोर रूम है। वह दवाई कर्मचारियों ने गलती से बोक्स से बाहर रख दी थी। जब उनसे पूछा गया कि वहां जला हुआ कूड़ा पड़ा है तो बताया कि नहीं पुराना जर्जर अस्पताल होने के कारण ऐसा लग रहा। कूड़ा नहीं है।

## आरजेपी में श्रद्धा के साथ मनाई गई चौ. चरण सिंह की जयंती



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रबंधक उदयन वीरा के निर्देशन में किसानों के मसीहा, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार यादव के संचालन में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ एवं छात्रों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने कहा कि चौ. चरण सिंह ने हमेशा किसानों एवं मजदूरों की आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में सुधार लाने के लिए अनेक कार्य किए, जैसे उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार विशेषकर जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम 1951 को लागू कराना,किसानों को सशक्त बनाना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना तथा नाबार्ड की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना शामिल रहे। लोग हमेशा उनके ऋणी रहेंगे और उनका स्मरण करते रहेंगे। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, करनवीर सिंह, भूपेंद्रपाल सिंह, विनोद कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, छवि गर्ग, कुमुद गुप्ता, मोहम्मद अनस, वाजिद हुसैन, जयप्रकाश पटेल, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सपा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में करेगी एसआईआर समीक्षा बैठक



डॉ. रमेश तोमर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता अखलाक़ पप्पू के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद बिजनौर के समस्त विधायकगण एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र, समस्त विधानसभा अध्यक्ष/नगर अध्यक्षगण को अवगत कराया जाता है कि जनपद बिजनौर की समस्त विधानसभा क्षेत्रों के बीएलए समीक्षा बैठक आयोजित होगी, जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एसआईआर डॉ. रमेश तोमर मौजूद रहेंगे। बैठकों में जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की भी मौजूदगी रहेगी। डा. तोमर समीक्षा रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

# धामी ने किया अल्मोड़ा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



**अल्मोड़ा (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया और जिले में खिलाड़ियों के लिए कई घोषणाएं भी कीं। धामी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार उत्तराखंड को खेल भूमि बनाने के लिए प्रदेश में खेलों के ढांचागत विकास में जुटी हुई है। खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रदेश में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अल्मोड़ा में हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में छात्रावास निर्माण, जीआईसी मैदान में हॉकी और फुटबॉल के लिए टर्फ का निर्माण, बैडमिंटन और हैंडबाल कोर्ट का निर्माण किये जाने और स्टेडियम को अंतराष्ट्रीय स्तर के मानकों के आधार पर तैयार किए जाने की घोषणा की। यही नहीं मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा नगर निगम क्षेत्र में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 200 सोलर लाइट उपलब्ध कराने की भी सहस्त्र स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

प्रदेश में नई खेल नीति बनाई गई है। पदक विजेताओं को आउट आफ टर्म नौकरी का प्रावधान किया गया है। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए चार प्रतिशत खेल कोटा पुन: प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के माध्यम से खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही उत्तराखंड खेल रत्न पुरस्कार एवं हिमालय खेल रत्न पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शीघ्र ही स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत राज्य के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी।

# टी20 विश्व कप से पहले फ़ॉर्म में वापसी करूंगा- सूर्यकुमार

**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** टी20 में पिछले कुछ समय से रनों का सूखा होने के बाद पहली बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने माना कि उनका फ़ॉर्म अच्छा नहीं है। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया है कि 7 फ़रवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले फ़ॉर्म में वापसी करेंगे। पिछले एक साल में नंबर 3 और 4 पर खेलते हुए सूर्यकुमार ने 22 पारियों में बिना अर्धशतक और सिर्फ़ 12.84 की औसत एवं 117.87 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में उन्होंने 12, 5, 12 और 5 के स्कोर बनाए और अब टी20 विश्व कप से पहले उनके पास सिर्फ़ पांच मैच बचे हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के बाद सूर्यकुमार ने बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में हंसते हुए कहा, ये वाला पैच थोड़ा लंबा हो गया। मुझे लगता है हर किसी में करियर में उन्हें यह देखने को मिला है। मैं भी इससे उबर कर आउंगा। मुझे पता है क्या करना है। मुझे पता है चीजें कहां गलत हो रही हैं। मेरे पास इसके ऊपर काम करने के लिए कुछ समय है। अभी न्यूज़ीलैंड सीरीज और टी20 विश्व कप आने वाला है। आप सूर्या को वापसी करते हुए जरूर देखेंगे।




# रिकी पोंटिंग के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं : कूपर कॉनोली

**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)।** पंजाब किंग्स द्वारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की मिनी नीलामी में तीन करोड़ रूपये में खरीदे गये ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली टीम के कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। रिकी पोंटिंग के साथ काम करने को लेकर कॉनोली ने कहा, हां, मैं रिकी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैंने उनके बारे में बहुत अच्छी बातें सुनी हैं। मैंने अभी तक उनके साथ ज्यादा काम नहीं किया है। इसलिए, मैं उनके साथ कुछ समय बिताने और अपनी बल्लेबाजी में कुछ बदलाव करने और यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि इस बारे में उनके क्या विचार हैं। मैं वहां जाकर दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ खुद को चुनौती देने के लिए उत्सुक हूं। एक स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर, ग्लेन मैक्सवेल से तुलना को लेकर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं श्रेयस अय्यर जैसे कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ियों से सीखने के लिए उत्सुक हूं।

# पुणे और धाराशिव ने 61वीं सीनियर राज्य खो-खो चैंपियनशिप में जीते खिताब




**बीड (महाराष्ट्र) (एजेंसी/चिंगारी)।** 61वीं सीनियर राज्य खो-खो चैंपियनशिप बीड में संपन्न हुई, जिसमें पुणे जिले की पुरुष टीम और धाराशिव जिले की महिला टीम ने शीर्ष स्थान हासिल किया। दो कैटेगरी वाले इस इवेंट में महाराष्ट्र के 24 जिलों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रत्येक कैटेगरी में लीग-कम-नॉकआउट आधार पर 40 मैच खेले गए। पुरुष कैटेगरी में मुंबई उपनगर जिला उपविजेता रहा, जबकि महिला कैटेगरी में पुणे जिले ने दूसरा स्थान हासिल किया। ठाणे और नासिक जिलों ने महिला इवेंट में तीसरा स्थान साझा किया।

# स्पेन 2025 में फीफा विश्व रैंकिंग में रहा टॉप पर, भारत 142वें स्थान पर



**ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड) (एजेंसी/चिंगारी)।** सितंबर 2025 में टॉप स्थान हासिल करने के बाद स्पेन अभी भी विश्व चैंपियन अर्जेंटीना से आगे है जबकि भारत विश्व रैंकिंग में अपने 142वें स्थान पर कायम है। स्पेन (पहला, अपरिवर्तित) सितंबर में दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जेंटीना (दूसरा, अपरिवर्तित) को हटाकर टॉप पर बना हुआ है, जबकि फ्रांस (तीसरा, अपरिवर्तित) साल के आखिर की लाइन-अप में पोडियम पूरा करता है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग का दिसंबर 2025 एडिशन- साल का आखिरी, हाल ही में हुए 42 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद जारी किया गया है, जिसमें फीफा अरब कप कतर 2025 सेंटर स्टेज पर रहा। दोहा, कतर में क्षेत्रीय खिताब जीतने के बाद, मोरक्को (11वां, अपरिवर्तित) अप्रैल 1998 के बाद पहली बार टॉप 10 में जगह बनाने से बस थोड़ा ही पीछे है, जो क्रोएशिया (10वां, अपरिवर्तित) से सिर्फ 0.54 अंकों से पीछे है। क्रोएशिया के साथ, टॉप 10 में शामिल अन्य देश इंग्लैंड (चौथा), ब्राजील (पांचवां), पुर्तगाल (छठा), नीदरलैंड (सातवां), बेल्जियम (आठवां) और जर्मनी (नौवां) अपरिवर्तित रहे।

# राफेल नडाल की मौजूदगी में, लर्नर टिएन ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब

**जेद्दा (एजेंसी/चिंगारी)** अमेरिकी युवा टेनिस खिलाड़ी लर्नर टिएन ने बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को हराकर नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। लर्नर टिएन ने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स जीतने से चूकने के एक साल बाद रविवार को किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में खेले गये फाइनल मुकाबले में बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 4-3(4), 4-2, 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल वहां मौजूद थे। अमेरिकी खिलाड़ी की खिताब की उम्मीदों को शुरुआती झटका तब लगा, जब वह स्पेन के राफेल जोडर के खिलाफ पहले राउंड-रॉबिन मैच में चार मैच अंक में से एक भी हासिल नहीं कर पाए और सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए उन्हें बेहद मेजनत करनी पड़ी। लेकिन उन्होंने वहां से हिम्मत नहीं हारी और अपने बाकी दो ग्रुप-स्टेज मैच एक सेट से पिछड़ने के बाद जीते।



इसके बाद उन्होंने नॉकआउट राउंड में एक भी सेट नहीं हारा और स्टेफानोस सितसिपास (2018) और कार्लोस अल्काराज़ (2021) के नक्शेकदम पर चलते हुए खिताब जीतने वाले तीसरे टॉप सीड खिलाड़ी बन गए और ब्रैंडन नाकाशिमा (2022) के बाद दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी बने।

राफेल नडाल के सामने, बाएं हाथ के इस युवा ने 58 मिनट में क्लच और बेरहम खेल का ऐसा संयोजन दिखाया, जिसके लिए 22 बार के मेजर विनर नडाल खुद जाने जाते थे। हालांकि ब्लॉकक्स ने पहले सेट में एक भी फर्स्ट सर्व मिस नहीं की, लेकिन जब सबसे ज्यादा ज़रूरत थी, तब टिएन ने स्थिरता बनाए रखी और पहला सेट टाईब्रेक में जीत लिया।

उसके बाद उन्होंने आसानी से मैच जीता, और तीसरे सेट में जब वह मैच के लिए सर्व कर रहे थे, तब ही उन्हें ब्रेक पॉइंट्स का सामना करना पड़ा। टिएन ने खिताब जीतने के बाद कहा, मैं पिछले एक साल से इस ट्रॉफी को उठाने का इंतजार कर रहा था। मैं इस साल बहुत सारी चीजें कर पाया जो मैं करना चाहता था। मेरे पास लक्ष्यों की एक काफी लंबी सूची थी और मैं उनमें से अधिकतर को हासिल कर पाया।

# नशीले कैप्सूल करते थे सप्लाई सप्लायरों की जोड़ी पकड़ में आई

## मेडिकल स्टोर संचालक व सहयोगी हो चुके हैं गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक को नशीले कैप्सूल सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायरों को कोटद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूर्व में ही मेडिकल स्टोर संचालक व उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

सोमवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में नशीले मादक पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को दिये दिशा निर्देशों के क्रम में कोटद्वार क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान डॉ. सूरज के मेडिकल स्टोर से 6288 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए थे। इस पर पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक व उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि हितांशु गुप्ता व जसविन्दर सिंह



कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में नशीले कैप्सूल सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर।

डॉ. सूरज कुमार को नशीले कैप्सूल सप्लाई करते थे, और दोनों आरोपी छापेमारी के बाद से फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह एवं क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास करने के बाद दोनों फरार आरोपियों हितांशु गुप्ता उर्फ मोंटू पुत्र देवेश कुमार गुप्ता, निवासी- नगीना (बिजनौर), उत्तर प्रदेश व जसविन्दर सिंह उर्फ जस्सु पुत्र हरवंश सिंह, निवासी- हरसिंहपुर,बालासौड़ को कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# जीआईसी के छात्रों का राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में चयन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जीआईसी झंडीचौड़ उत्तरी में अध्ययनरत हिमांशु, प्रियांशु और वरुण का राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्रों की सफलता पर विद्यालय में हर्ष की लहर है। सोमवार को प्रधानाचार्य डा. सोहनलाल ने बताया कि विद्यालय के व्यायाम शिक्षक सुरेश सिंह, गणेश आर्य और सुशील थलेड़ी के नेतृत्व में कुछ दिन पूर्व जीआईसी झंडीचौड़ उत्तरी के 9 छात्रों ने ऋषिकेश में आयोजित राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में प्रियांशु एवं वरुण को रिदमिक पेयर में गोल्ड, हिमांशु एवं गणेश को रिदमिक पेयर में सिल्वर, हिमांशु एवं गणेश को आर्टिस्टिक पेयर में सिल्वर, सागर को सोलो आर्टिस्टिक में सिल्वर, अभय को सोलो आर्टिस्टिक में कांस्य पदक, हिमांशु को ट्रेडिशनल में कांस्य पदक मिला। राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हिमांशु, प्रियांशु और वरुण का चयन राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। तीनों छात्र जनवरी, 2026 में अगरतला में होने वाली राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।

# पेंशनर्स की समस्याओं पर किया विचार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सोमवार को पनियाली स्थित अरण्य सभागार में सेवानिवृत वन अधिकारी, कर्मचारी कल्याण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष आर पी पंत ने कहा कि समिति पेंशनर्स की समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन अभी भी कुछ समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाया है। कहा कि विभिन्न स्तरों पर अभी भी वेतन विसंगतियां व्याप्त हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए। जून माह में जो अतिरिक्त वेतन वृद्धि सेवा निवृत्त कर्मचारियों को दी जाती है, इससे सेवानिवृत्त वन अधिकारियों और कर्मचारियों को वंचित रखा गया है, इस पर विचार किया जाना चाहिए। मौके पर सेवानिवृत वन कर्मचारियों को वन विश्राम भवनों में परिवार सहित रात्रि ठहरने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने और कोरोना काल में रोके गए महंगाई भत्ते की राशि को इसी वित्तीय वर्ष में अवमुक्त किए जाने की मांग भी की गई। बैठक में हरीश भट्ट, अनिल कुकरेती, धीरज धर बछ्वाण, गणेश डोभाल,नवीन जोशी, चंद्र किशोर असवाल,केसी राम निराला, सुरेश मधवाल, राजेन्द्र जोशी और कुंदन सिंह राणा सहित अन्य पेंशनर्स मौजूद रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर रोष जताया ईडी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया

## इंकाइयों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने पर रोष व्यक्त किया है। साथ ही केंद्र सरकार पर ईडी का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया है। कहा कि इससे एजेंसी की छवि धूमिल हो रही है।

इस संबंध में सोमवार को वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा है कि केंद्र सरकार अपने हिसाब से किसी भी शहर व योजना का नाम बदल रही है, जिसे उचित नहीं कहा जा सकता। अभी कुछ समय पहले ही केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर श्री राम जी ग्रामीण रोजगार व सामाजिक मिशन संबंधी विधेयक संसद में पारित किया है। कहा कि योजना का नाम बदलकर सरकार राष्ट्रपिता का नाम मिटाने के साथ ही संवैधानिक मूल्यों और जन भावना का अनादर कर रही है। वहीं नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली साउथ एवेन्यू कोर्ट ने ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर दर्ज शिकायत को अवैध मानते हुए संज्ञान लेने से इनकार दिया। इससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कहा कि कांग्रेस इसके खिलाफ लगातार आवाज उठाती रहेगी।

ज्ञापन में राष्ट्रपति से मनरेगा का नाम पूर्ववत रखने और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग न करने पर केंद्र सरकार को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में बलबीर सिंह रावत, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, आशाराम, वीरेंद्र सिंह, परमानंद, विनोद नेगी व रोहित रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्रदीप नेगी बने थानाध्यक्ष कोटद्वार लैंसडौन भेजे गये रमेश तनवार

## आईजी से अनुमोदन के बाद थानाध्यक्षों के क्षेत्र बदले





**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने रविवार को जनपद में 7 इंस्पेक्टर और 15 सब इंस्पेक्टरों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया था, लेकिन आईजी राजीव स्वरूप ने ताबदलों पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा था। सोमवार देर शाम लक्ष्मणझूला थाना प्रभारी भुवन पुजारी को यथावत रखा गया है, बाकी तबादला सूची यथावत जारी कर दी गई है। प्रदीप नेगी अब कोटद्वार कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक होंगे। जबकि रमेश तनवार को पर्यटन नगरी लैंसडाउन का प्रभारी बनाया गया है। पौड़ी कोतवाली के प्रभारी रविंद्र नेगी को थाना थलीसैंण, लाखन सिंह को थलीसैंण से पुलिस ऑफिस, जयपाल नेगी को श्रीनगर से कोतवाली पौड़ी, कुलदीप सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर, विनय कुमार को लैंसडाउन से प्रभारी साइबर सेल श्रीनगर बनाया गया है। उप निरीक्षक अनिल चौहान एसएसआई कोटद्वार, राज विक्रम सिंह एसएसआई कोटद्वार से पौड़ी, पंकज कुमार पुलिस लाइन से थाना थानाध्यक्ष सतपुली, जगमोहन रमोला सतपुली से एसएसआई श्रीनगर संतोष पैथवाल श्रीनगर से एसएसआई रिखणीखाल, नवीन पुरोहित पुलिस चौकी राम झूला, मुकेश गैरोला पुलिस चौकी पाबौ जयपाल चौहान सीआई यूं कोटद्वार से एसएसआई लैंसडाउन, रंजीत तोमर को सीआईयू कोटद्वार का प्रभारी बनाया गया है।

# प्राध्यापिका को गिरफ्तारी का भय दिखाया साइबर ठगों ने एक करोड़ का चूना लगाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार डिग्री कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका को डिजिटल अरेस्ट कर 1.11 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में कोटद्वार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ निहारिका सेमवाल ने बताया कि रविवार देर रात को ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोटद्वार डिग्री कॉलेज में नियुक्त वरिष्ठ प्राध्यापिका ने रविवार को प्राचार्य एवं अन्य स्टाफ के साथ कोतवाली पहुंचकर घटना के संबंध में शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह अपने आवास पर अकेली रहती हैं। बीती आठ दिसंबर को उनके पास अज्ञात नंबर साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर कॉल किया। साइबर ठग ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर प्राध्यापिका का नंबर संगीन मामले में शामिल होने की बात कही।

प्राध्यापिका के अनुसार, बातचीत के दौरान मामला संगीन बताते हुए आरोपी ने किसी भी समय गिरफ्तारी का डर दिखाया। साथ ही उन्हें कॉल कट नहीं करने और लगातार व्हाट्सएप पर संपर्क में रहने का मानसिक दबाव बनाया। फिर बचाव के लिए उनसे रुपयों की डिमांड की गई। प्राध्यापिका ने पीछा छुड़ाने के लिए अपनी समस्त जमा पूंजी बताए गए नंबर पर ट्रांसफर कर दी। इसके बाद प्राध्यापिका को फिर से डिजिटल अरेस्ट कर उनसे और रुपयों की डिमांड की गई। इस बार उन्होंने अपने संबंधियों की मदद से भी लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिये। अलग-अलग तारीखों (8,16,18 व 19 दिसंबर को) में साइबर ठगों को 1.11 करोड़ रुपये देने के बाद प्राध्यापिका ने अपने स्टाफ से अपने साथ हुई घटना बताई, जिसके बाद कोतवाली में तहरीर दी गई।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# प्रतिबंध के बावजूद रात में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का खेल जारी

## रात में बड़ी संख्या में सड़कों पर चल रहे अवैध खनन वाहन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी के खनन का खेल लगातार जारी है। प्रशासन द्वारा जारी किये गये मिट्टी खनन के पट्टों की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी खनन के वाहन सड़कों पर चल रहे है। नजीबाबाद क्षेत्र में पिछले दिनों रम्मनवाला में अवैध रूप से मिट्टी का बड़े पैमाने पर रात्रि में खनन हुआ। जिसमें मशीनें लगाकर डम्परों से खनन का कार्य किया गया। इस्सेपुर में बड़े पैमाने पर दिन-रात अवैध मिट्टी खनन हुआ जिसमें बड़े पैमाने पर गांव की आबादी के बीच से मिट्टी खनन के वाहन गुजरने से वहां उड़ती धूल व हादसे के खतरे को ग्रामीणों ने शिकायत की थी। डीएम के खासकर रात्रि में मिट्टी के खनन पर रोक लगाने के बावजूद खनन माफिया रात में अवैध रूप से पैसा कमाने के लिए मिट्टी का खनन जारी रखे हुए है। रात में खनन माफियाओं को अंधेरे का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर खनन करने में आसानी होती है। लोगों का कहना है कि आखिर बिना पुलिस प्रशासन की मिलीभगत व लापरवाही के किस तरह से इतने बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन रात में हो रहा है। मिट्टी खनन के रात्रि में सभी मार्गों पर ओवरलोड डम्पर सरपट दौड़ रहे है। जिनसे क्षेत्र में सर्दी व कोहरे में दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। पूर्व में इन अवैध मिट्टी खनन के डम्परों से हादसे हो चुके है। मिट्टी खनन की अनुमति लेने वाले लोग बेलगाम है। अनुमति मिलते ही खनन की शर्तों को अनदेखा कर मानकों की धज्जियां उठाई जा रही है। जिससे अनुमति शर्तों का लगातार उल्लंघन हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने रात में अवैध खनन व खनन वाहनों के चलने पर पुलिस प्रशासन से पूरी तरह रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में खनन निरीक्षक सुभाष रंजन ने बताया कि रात में दुर्घटनाएं व अनियमितताओं की आशंका अधिक होने के कारण खनन प्रतिबंधित है। रात आठ बजे से मिट्टी खनन पर रोक है। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि में खनन वाहनों पर पूरी तरह से रोक है। रात में खनन पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्व टीम को चैकिंग पर लगाया गया है।


सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक
Curing with Science & Touch of Art
डॉ. प्रगति सिंह
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
• बाल रोग
• स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
• त्वचा रोग
• बालों की समस्या
• थाईराइड
• हाई बी.पी.
• मधुमेह
• गुर्दे की पथरी
• जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
• साइटिका
• साइनसाइटिस (साइनस)
• दमा
• टाइफाइड, पीलिया
• कब्ज, गैस बनना, बवासीर
• अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज

परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349



JAHAAN CLASSROOM EK EXCITING EXPERIENCE HO..
Aisa ek bachpan ho!

1200+ SCHOOLS NATIONWIDE
BACHPAN
Play Group | Nursery | LKG | UKG
We are looking for female staff
COUNCELLOR/TEACHER :
• Minimum 6 months experience in play school, Graduation Degree,
• Good communication skills
Accountant (Busy) - Male Staff
Submit your Resume : 7455025144
Address: Shree Dayaram Traders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall - BIJNOR UP


### जागरण में झांकियों ने सभी का मनमोहा

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के भरैका के निकट ग्राम अमाननगर में ग्रामवासी जसवंत सिंह कश्यप के आवास पर विशाल मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की आराधना की। भक्तिमय गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर जागरण में भगवान श्री गणेश, कृष्ण-सुदामा, मां काली, गौरा-पर्वती की सजाई गई सुन्दर झांकियों ने सभी का मनमोहा लिया। अंत में भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

### पारिवारिक दलों का गठबंधन है अखिलेश यादव का पीडीए- पंकज चौधरी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि उनका पीडीए का मंत्र परिवारवाद गठबंधन से ज्यादा कुछ नहीं है। लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति को देश की राजनीति का केंद्र बताते हुए कहा कि उनके पास 35 वर्षों का राजनीतिक अनुभव है और वह सभी को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹20 000*
₹10 000 On Credit Card ₹10 000 Cash benefits

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911